वर्ष : 33 ➤ अंक : 305 ➤ पृष्ठ : 8 ➤ मुंबई, सोमवार, 20 जनवरी 2025 ➤ RNI: MAHHIN/49994/91 ➤ मूल्य : 3 रुपए ➤ epaper.dobajedopahar.com ➤ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है







# खो खो विश्व कप: भारत बना विश्व चैंपियन

- **खो-खो की पहली वर्ल्ड चैंपियन बनी भारत की मेंस-विमेंस टीम**
- **दोनों ने नेपाल को फाइनल हराया, टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया**

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की मेंस और विमेंस टीम ने फानइल में नेपाल को हराकर खो खो वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। रविवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में दोनों कैटेगरी के फाइनल खेले गए। विमेंस टीम ने नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया। वहीं मेंस टीम ने भी नेपाल को ही हराया, लेकिन अंतर 54-36 का रहा। और इस तरह मेजबान भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। चैंपियन बनने के बाद भारत की दोनों टीमों ने तिरंगे के साथ विक्ट्री लैप लगाया।

### शुरुआती 2 पारियों में आगे रहा भारत

मेंस फाइनल में नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस चुना। पहली पारी में भारत ने 26 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि नेपाल को एक भी पॉइंट नहीं मिला। टीम इंडिया नेपाल को एक बार ऑलआउट करने में भी कामयाब रही। भारत ने पहली पारी में 26-0 की बढ़त ली। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और टीम ने 18 पॉइंट्स बटोरे। हाफ टाइम के बाद स्कोर 26-18 से भारत के पक्ष में रहा।

### तीसरी पारी में भी नेपाल ऑलआउट

तीसरी पारी में भारत ने 28 पॉइंट्स हासिल किए। नेपाल की टीम 4 मिनट के अंदर ही ऑलआउट हो गई, टीम एक भी ड्रीम रन नहीं बना सकी। तीसरे टर्न के बाद भारत ने 54-18 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। चौथे टर्न में भी नेपाल की टीम 18 ही पॉइंट्स ले सकी और भारत ने 54-36 के अंतर से वर्ल्ड कप जीत लिया।

### मेंस टीम भी टूर्नामेंट में नहीं हारी

मेंस इवेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया। भारत के ग्रुप में पेरु, ब्राजील, भूटान और नेपाल थी। टीम ने नेपाल को 42-37, ब्राजील को 66-34, पेरु को 70-38 और भूटान को 71-34 के अंतर से हराया। क्वार्टर फाइनल में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 100-40 के अंतर से जीत दर्ज की।

### विमेंस टीम इंडिया ने भी चेज से शुरुआत की

रविवार शाम 6 बजे विमेंस खो-खो वर्ल्ड कप का फाइनल शुरू हुआ। नेपाल ने टॉस जीतकर डिफेंस करना चुना। भारत ने पहली पारी में एकतरफा दबदबा दिखाया और 34 पॉइंट्स हासिल किए। दूसरी पारी में नेपाल ने चेज किया और 24 पॉइंट्स बटोरे, इस टर्न में भारत को भी एक पॉइंट मिल गया।

### 19 टीमों में अजेय रही

विमेंस ग्रुप में 19 टीमों ने हिस्सा लिया। इंडिया विमेंस ग्रुप-ए में ईरान, मलेशिया और साउथ कोरिया के साथ थी। टीम ने साउथ कोरिया को 176-18, ईरान को 100-16 और मलेशिया को 100-20 के बहुत बड़े अंतर से हराया। टीम ने ग्रुप स्टेज में टॉप कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 109-16 के अंतर से हराया। वहीं सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 66-16 से मुकाबला जीता। फाइनल में भी इंडिया विमेंस का दबदबा दिखा और टीम ने 78-40 के अंतर से मुकाबला जीत लिया। पूरे टूर्नामेंट में नेपाल इकलौती ऐसी टीम रही, जिसने भारत के खिलाफ हार का अंतर 50 से कम पॉइंट्स का रखा।

## सैफ पर हमला केस में सनसनीखेज दावा

# बेस्ट एम्पलाई का अवॉर्ड धारक है हमलावर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोप में जिस मोहम्मद शरीफुल उर्फ विजय दास को गिरफ्तार किया गया है। बांद्रा हॉलिडे कोर्ट ने आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। वहीं इस ममले में पुलिस ने सनसनीखेज दावा किया है। आरोपी कभी ठाणे के हीरानंदानी एस्टेट में ब्लाबर नामक होटल का बेस्ट एंपलायी हुआ करता था। उसको होटल मैनेजमेंट ने बेस्ट एम्पलाई का अवॉर्ड दिया था। लेकिन, सैफ कांड के बाद से शरीफुल पुलिस से बचने के लिए लेबर कैंप में छिपकर रहने लगा। शनिवार को क्राइम ब्रांच और बांद्रा पुलिस को हीरानंदानी एस्टेट में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर आरोपी के होने की सूचना मिली।

### 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ

यह अभियान रात 9 बजे से 2 बजे तक चली थी। पुलिस अब तक 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। आरोपी को पकड़ने के लिए 35 टीमें लगाई गई थीं। बता दें कि 16 जनवरी को देर रात घर में घुसे हमलावर के हाथों अभिनेता सैफ अली खान घायल हो गए थे।



- **पुलिस ने 35 टीमों के साथ आरोपी को पकड़ा**
- **शरीफुल के पास भारतीय दस्तावेज नहीं पाए गए**

### कैसे पकड़ा गया आरोपी?

जोन 6 के डीसीपी नवनाथ ढबले की अगुवाई में पुलिस टीम तुरंत ठाणे के लिए निकल पड़ी। हालांकि, आरोपी को पुलिस के आने की भनक लग चुकी थी। इसलिए वह पुलिस से बचने के लिए लेबर कैंप के पीछे घनी कंटीली झाड़ियों में जाकर छुप गया। यह इलाका जंगली है, जहां झाड़ियों में छिपने की वजह से आरोपी को खोजने में पुलिस को दिक्कत हो रही थी। टॉर्च और मोबाइल की रौशनी में पुलिस को एक कंटिली झाड़ी के पास कुछ संदिग्ध हलचल दिखाई दिया, जिसके बाद चारों ओर से घेर कर उसके पकड़ लिया गया।

### बांग्लादेशी होने का आरोप

जोन 9 के डीसीपी दीक्षित गेडाम ने बताया कि प्रथम दृष्टया इस बात का प्रमाण है कि आरोपी शरीफुल बांग्लादेशी है, उसके पास भारतीय दस्तावेज नहीं है। वह अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद से ही अपना नाम बदल कर विजय दास रख लिया था। वह 5-6 महीने पहले मुंबई आया और यहीं रुका था। इसलिए मामले में पासपोर्ट अधिनियम से संबंधित धाराएं जोड़ी गई हैं। वह मुंबई व आसपास हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था। जांच में पता चला कि आरोपी चोरी के इरादे से सैफ अली खान के घर में घुसा था। हमने भारतीय न्याय संहिता के अलावा विदेशी अधिनियम, 1946 और विदेशी आदेश, 1948 के प्रावधानों को लागू किया है।

### बांग्लादेश से घुसपैठ की बात निराधार

हालांक़ि, आरोपी के वकील का दावा है कि उनके मुवक्किल मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद का बांग्लादेश से घुसपैठ की बात निराधार है। पीड़ित सेलिब्रिटी है इस वजह से इस मामले को इतना तूल दिया जा रहा है। मामले में सरकारी वकील ने दलील दी , आरोपी को पता था कि किस इलाके में सेलिब्रिटी रहते हैं और वहां सुरक्षा होती है, इसके बावजूद वह अंदर पहुंचा। इसका मतलब उसने प्लानिंग की थी। उसकी किसने मदद की, कौन उसे सहारा दे रहा था। इसकी जांच की जानी चाहिए।

### क्राइम टाइम लाइन



- **31 दिसंबर, 2024 की रात:** शरीफुल वर्ली कोलीवाड़ा स्थित दोस्तों के चाल वाले घर से निकला।
- **1 जनवरी, 2025:** बांद्रा पहुंचने के बाद पूरे दिन वह आसपास के पॉश इलाकों का ऑटो में बैठकर जायजा लिया। फिर वर्ली कोलीवाड़ा लौट आया।
- **15 जनवरी,2025:** ट्रेन से बांद्रा स्टेशन आया और पैदल ही खार की ओर चल दिया। अलग-अलग गलियों में बिना किसी योजना के घूमते रहा और अंत में सैफ अली खान के बांद्रा वाले निवास सतगुरु शरण पहुंच गया। लगभग 1:30 बजे, वह सतगुरु शरण और आस-पास की इमारतों के बीच की 4 फीट ऊंची दीवार को पार किया। 12 फीट चढ़ने के लिए कैंपस में रखें एक सीढ़ी का उपयोग कर पाइप पर चढ़कर उस क्षेत्र में पहुंच गया जो चूहे की जाली से ढका हुआ था। उसने जाली हटाकर सैफ के निवास स्थल यानी 11वें मंजिल के बाथरूम में घुस गया।
- **16 जनवरी, 2025:** सुबह 2 .30 बजे वह वारदात को अंजाम देने के बाद 12 फीट की डक्ट एरिया में ड्रेनेन पाइप आदि की मदद से सतगुरु शरण परिसर को छोड़ दिया। सुबह 8 बजे तक वह खार-बांद्रा क्षेत्र में घूमते रहा। फिर, बांद्रा से दादर के लिए लोकल ली और बस से वर्ली-कोलीवाड़ा गया।
- **17 जनवरी:** वर्ली पब में शरीफुल को किसी दोस्त ने सैफ पर हुए हमले में टीवी पर चल रहे उसके सीसीटीवी फुटेज के बारे में बताया और फोटो दिखाया। फोटो देखकर वह डर गया और वर्ली कोलीवाड़ा से ठाणे हिरानंदानी एस्टेट चला गया। यहां वह लेबर कैंप के आसपास पुलिस से बचने के लिए झाड़ियों के बीच छिपकर रहने लगा, जहां से वह शुक्रवार रात को पकड़ा गया।

## शादी के बंधन में बंधे नीरज चोपड़ा

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर रविवार को शादी की तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें वह अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। नीरज ने एक निजी समारोह में करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शादी की।

## 1,219 नाबालिगों का अपहरण




धीरज सिंह | ठाणे

ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में पिछले वर्ष 1,219 नाबालिगों का अपहरण हुआ है, जिसमें से 891 लड़कियाँ और 388 लड़के शामिल हैं। पुलिस ने 1,069 नाबालिगों को ढूंढने में सफलता पाई है, लेकिन अब भी 121 नाबालिग लड़कियाँ लापता हैं। इन लड़कियों की उम्र 12 से 18 वर्ष के बीच है, और उनके माता-पिता इस समय काफी चिंतित हैं। वर्ष 2024 में ठाणे जिले में बच्चों के अपहरण के मामलों में वृद्धि देखी गई है, जिसमें कई बच्चे रंगदारी, पारिवारिक विवाद, अंधविश्वास और प्रेम प्रसंग के कारण लापता हुए हैं। हालांकि, पुलिस ने दावा किया है कि अपहृत बच्चों को खोजने की दर संतोषजनक रही है। इसके अलावा, ठाणे पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में पुरुषों और महिलाओं के लापता होने के मामले भी सामने आए हैं। 2024 में कुल 2,262 पुरुष और 2,554 महिलाएं लापता हुईं, जिनमें से 1,634 पुरुष और 1,932 महिलाएं घर लौट आई हैं, लेकिन 628 पुरुष और 622 महिलाएं अभी भी लापता हैं।

## महाकुंभ मेले में आग




- **खाना बनाते वक्त सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका**
- **एक घंटे में काबू पाया**

एजेंसी | प्रयागराज

प्रयागराज में महाकुंभ के मेला क्षेत्र में रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए। अफसरों के मुताबिक, खाना बनाते समय सिलेंडर ब्लास्ट हो गया था। इसके बाद कई सिलेंडर ब्लास्ट हो गए।

### मुख्यमंत्री ने हालात का जायजा लिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सीएम योगी को फोन कर घटना की पूरी जानकारी ली। आग लगने की घटना से कुछ देर पहले ही उन्होंने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था।

### 500 लोगों को बचाया गया

आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां भेजी गई थीं, जिन्होंने आग पर एक घंटे में काबू पाया। एक संन्यासी के एक लाख रुपए के नोट भी जल गए। मेला सीएफओ (चीफ फायर ऑफिसर) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग से करीब 500 लोगों को बचाया गया है।

# पालकमंत्रियों की घोषणा के बाद महायुति में माथाफोड़ी

एन. के. पुरोहित | मुंबई

महाराष्ट्र की महायुति सरकार में रायगढ़ जिले के पालक मंत्री पद को लेकर घमासान मच गया है। शनिवार को हुई पालक मंत्रियों की घोषणा के दौरान यहां से अजित पवार की एनसीपी से मंत्री अदिति तटकरे की 'लॉटरी' लगना उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए मुसीबतों का सबब बन गया है। शिंदे की शिवसेना के मंत्री भरत गोगावले और उनके समर्थकों को रास नहीं आ रहा है। रविवार को मंत्री भरत गोगावले के 38 समर्थकों ने अदिति तटकरे का पालकमंत्री बनाने के विरोध में डीसीएम शिंदे को अपना इस्तीफा भेज दिया। इसी तरह गोगावले समर्थकों ने मुंबई गोवा महामार्ग को लगभग दो घंटे तक जाम कर दिया। इस दौरान आंदोलनकारी शिवसैनिक अपनी ही सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। आंदोलनकारियों ने सड़क पर टायर जलाए तथा अजित की एनसीपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुनील तटकरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। आंदोलनकारियों को हटाने और यातायात पुनः बहाल करवाने के लिए पुलिस की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।




### रायगढ़ का पालकमंत्री बनना चाहते थे गोगावले

मंत्री भरत गोगावले रायगढ़ जिले का पालकमंत्री बनना चाहते थे। वह बार-बार दावा कर रहे थे कि पालकमंत्री का पद उन्हें ही मिलेगा। दूसरी तरफ उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी से मंत्री अदिति तटकरे ने भी पालकमंत्री पद पर दावा ठोंका था। पालकमंत्रियों की घोषणा के दौरान निर्णय अदिति के पक्ष में गया।

### एक महीने चली रस्साकशी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में वोटरों ने ऐतिहासिक जनादेश बीजेपी, शिवसेना, एनसीपी के गठबंधन महायुति के पक्ष में आया। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महायुति सरकार 2.0 का गठन भी हो गया है। लेकिन महायुति में सब कुछ ठीक नहीं होने जैसी घटनाएं बार-बार घटित हो रही हैं। ऐसा ही पालकमंत्रियों की घोषणा के बाद फिर से देखने को मिल रहा है। खासकर रायगढ़ जिले का पालकमंत्री पद के अजित की एनसीपी के हिस्से में जाने कारण महायुति में घमासान मच गया है। महायुति में शामिल एकनाथ शिंदे की शिवसेना में नाराजगी देखने को मिल रही है। उनकी पार्टी में इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है। तो वहीं अपने नेता को पालक मंत्री पद नहीं मिलने से समर्थक अपनी ही सरकार के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य की बीजेपी नीत महायुति में चुनाव के पहले से ही मतभेद देखने को मिल रहे हैं। पहले सीटों के बंटवारे के दौरान, फिर सीएम पद, गृह विभाग और मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान भी विवाद देखने को मिला। 21 दिसंबर 2024 को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद ऐसा ही कुछ पालकमंत्रियों की नियुक्ति के मामले में भी हुआ। एक ही जिले से कई मंत्रियों के पालकमंत्री बनने के लिए इच्छुक होने के कारण इसकी घोषणा लगभग 28 दिन लग गए।

### 'संतोषजनक नहीं है फैसला'

शिंदे गुट के नेता और मंत्री भरत गोगावले ने कहा कि रायगढ़ के पालकमंत्री पद का निर्णय चौंकाने वाला है। हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। पालकमंत्री पद के संबंध में वरिष्ठों के साथ अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। रायगढ़ के 6 विधायकों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करके उन्हें जिले की स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद भी जो निर्णय आए हैं, वह अप्रत्याशित हैं और संतोषजनक नहीं है। लेकिन हमारे नेता एकनाथ शिंदे जो भी निर्णय लेंगे, हमें वह स्वीकार होगा।

# महाराष्ट्र में पैर पसार रहा बर्ड फ्लू

- **लातूर में 51 कौवों की मौत, प्रशासन ने घोषित किया अलर्ट जोन**

मुनीब चौरसिया | मुंबई/लातूर



महाराष्ट्र में बर्ड फ्लू तेजी से पैर पसार रहा है। पिछले दिनों नागपुर में 3 बाघ और एक तेंदुए की मौत हो गई थी। इसके बाद अब लातूर में भी बड़ी संख्या में कौवों की मौत की खबर आ रही है। इससे जिले में हड़कप मच गया है और जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। महाराष्ट्र के लातूर जिले में बर्ड फ्लू से 51 कौवों की मौत हो गई है। इसके बाद अधिकारियों ने बीमारी को फैलने से रोकने के लिए निवारक उपाय करना शुरू कर दिया है। पशुपालन उपायुक्त डॉ. श्रीधर शिंदे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार को भोपाल पशु चिकित्सा प्रयोगशाला से मिली रिपोर्ट से पता चला है कि लातूर जिले के उदगीर शहर में कौवों की मौत एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1 वायरस) से हुई है।

### 51 कौवों की हुई मौत

पशुपालन उपायुक्त डॉ. श्रीधर शिंदे ने बताया कि शनिवार तक उदगीर शहर के विभिन्न हिस्सों में 51 कौवे मृत पाए गए। अधिकारियों को 13 जनवरी से शहर के बगीचों व अन्य क्षेत्रों में मृत पक्षियों के बारे में शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और मौत के कारण का पता लगाने के लिए 14 जनवरी को 6 शवों को प्रयोगशाला भेजा गया। इधर लातूर जिला प्रशासन ने बीमारी को फैलने से रोकने के लिए निवारक उपाय शुरू कर दिए हैं। जिस जगह मृत कौवे मिले हैं उस जगह के 10 किलोमीटर के दायरे को 'अलर्ट जोन' घोषित किया गया है। आदेश में प्रभावित क्षेत्रों में लागों की आवाजाही और पक्षियों-जानवरों के परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# पुलिस वैन से कूदकर फरार हुआ आरोपी

## विट्ठलवाड़ी पुलिस ने फिल्मी अंदाज में किया गिरफ्तार

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

कल्याण के खड़कपाड़ा में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना में, पुलिस वैन से कूदकर फरार हुए आरोपी संजू किसन वाघरी (20 वर्ष) को विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम ने आधी रात को भीम कॉलनी परिसर से गिरफ्तार कर लिया।



### फिल्मी अंदाज में गिरफ्तारी

पुलिस ने मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर भीम कॉलनी परिसर में आरोपी का पीछा किया। रोमांचक तरीके से कार्रवाई करते हुए विट्ठलवाड़ी पुलिस ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस का बयान

पुलिस टीम के अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी सटीक योजना और तेज कार्रवाई का नतीजा है। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम ने बेहद साहसिक और कुशलता से आरोपी को काबू में किया। इस घटना ने पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मिसाल पेश की है, और आरोपी अब फिर से कानून की गिरफ्त में है।

### आरोपी की पृष्ठभूमि

संजू किसन वाघरी, जो उल्हासनगर-3 के राहुल नगर, अमन टॉकीज के पास का निवासी है, पर पहले से ही चोरी के कई मामले दर्ज थे। वैन से भागने और मोबाइल छीनने की घटना ने उसकी गिरफ्तारी को और भी आवश्यक बना दिया था।

### इस तरह हुआ फरार



संजू वाघरी, जिसे मार्च 2024 में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था, को न्यायिक हिरासत में आधारवाड़ी जेल, कल्याण में रखा गया था। शनिवार को उसे उल्हासनगर के चोपड़ा कोर्ट में सुनवाई के लिए लाया गया था। सुनवाई के बाद पुलिस वैन उसे वापस जेल ले जा रही थी। इसी दौरान, विक्कीनगर के पास स्पीड ब्रेकर पर वैन धीमी हुई, और आरोपी ने पुलिस पर चिल्लाते हुए वैन से कूदकर फरार हो गया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

इस घटना से पूरे ठाणे जिले में हड़कंप मच गया। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल के मार्गदर्शन में टीमें तुरंत कार्रवाई में जुट गईं। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की अपराध जांच टीम के सदस्यों - रामदास मिसाल, दिलीप चव्हाण, गणेश राठौड़, गणेश दामाले, और चंद्रकांत गायकवाड़ - ने आधी रात को गश्त के दौरान सूचना प्राप्त की कि आरोपी ने भीम कॉलनी में एक इमारत के सुरक्षा गार्ड को धमकाकर उसका मोबाइल छीन लिया है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करने वाले सावधान

## कल्याण डोंबिवली महापालिका की कड़ी कार्रवाई

सुशील सिंह | कल्याण

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) ने कड़ी दंडात्मक कार्रवाई शुरू की है। महापालिका आयुक्त डॉ. इंदू राणी जाखड़ के निर्देश पर यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।



### 40 प्रतिष्ठानों की जांच, 15,000 रुपये का जुर्माना

महापालिका के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के अंतर्गत उपायुक्त अतुल पाटिल के मार्गदर्शन में, क प्रभाग के सहायक आयुक्त धनंजय थोरात, स्वच्छता अधिकारी संदीप खिस्मतराव, और स्वच्छता निरीक्षक जगन्नाथ वड्डे ने कल्याण पश्चिम के लक्ष्मी मार्केट में 40 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान, दो दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया गया। इन पर 15,000 रुपये का दंड लगाया गया और दो किलो प्लास्टिक जब्त किया गया।

### महापालिका की अपील

महापालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े की थैलियों का उपयोग करें। यह कदम पर्यावरण सुरक्षा और क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए उठाया गया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी है।

## खबर संक्षेप

### भिवंडी ने ऑल इंडिया बीजीएमआई गेम में दूसरा स्थान किया हासिल

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



स्वयंसिद्धि कॉलेज,भिवंडी में (बीजीएमआई) पबजी-स्टाइल बैटलग्राउंड मोबाइल इंडिया गेम की अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम पुरस्कार वायलेशन एस्पोर्ट गुजरात की टीम ने जीता। भिवंडी की टीम आजमी ईस्पोर्ट ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुणे की टीम ट्राइहार्ड ईस्पोर्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोगों ने खुशी व्यक्त की और भिवंडी की आज़मी ईस्पोर्ट टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी। इस सफलता ने दिखा दिया कि भिवंडी किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है।

### मनपा की ओर से आज ग्रंथ यात्रा का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मनपा की ओर से मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़ा के अवसर पर आज 10 बजे ग्रंथ दिंडी यात्रा का आयोजन किया गया है।इस ग्रंथ यात्रा का मनपा मुख्यालय के सामने से शुरू होकर परमार्थ निकेतन, ज्ञानराज मंदिर होते हुए आयेगा।मनपा मुख्यालय से ग्रंथ यात्रा के समापन के बाद मनपा आयुक्त सौरभ राव नरेंद्र बल्लाल सभागृह में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा।यह प्रदर्शनी नागरिकों के लिए 20 और 21 तारीख को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा।इस प्रदर्शनी में प्राच्य विद्या अभ्यास संस्था की ओर से नई और पुरानी किताबें, शब्दकोष प्रदर्शित किए जाएंगे।साथ ही साहित्य अकादमी और मैजेस्टिक बुक डिपो का पुस्तक विक्रय कक्ष भी इस प्रदर्शनी में होगा।

### गटर चेंबर नवीनीकरण से स्थानीय नागरिकों को राहत

डीबीडी संवाददाता | वसई




बहुजन विकास आघाड़ी के युवा नेता राहुल आत्माराम घरत की सक्रिय पहल के चलते वसई-विरार महानगरपालिका ने लंबे समय से उपेक्षित गटर चेंबर की समस्या का समाधान किया है। वर्षों से खराब स्थिति में पड़े इन गटर चेंबरों के कारण क्षेत्र के निवासियों को दुर्गंध और जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। राहुल घरत ने स्थानीय नागरिकों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए महानगरपालिका को इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई के लिए अपील की थी। उनके मांग पत्र के बाद प्रशासन ने तुरंत नवीनीकरण कार्य शुरू कर दिया। इस पहल के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है, और लोगों को अब साफ-सुथरे वातावरण की उम्मीद है।

### बाला साहेब ठाकरे की 99वीं जयंती पर रक्तदान शिविर संपन्न

डीबीडी संवाददाता | वसई



हिंदूहृदयसम्राट बाला साहेब ठाकरे की 99वीं जयंती के अवसर पर शिवसेना वसई तालुका और शिवसेना वसई विधानसभा कीतरफ से रविवार को शिवसेना नवघर माणिकपुर मध्यवर्ती शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व तालुका प्रमुख राजाराम बाबर ने किया। शिविर में कुल 150 लोगों ने भाग लिया, जिनमें से 99 रक्त यूनिट्स एकत्र की गईं। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आज भी बाला साहेब ठाकरे के प्रति युवा पीढ़ी का प्रेम और समर्पण अडिग है। राजाराम बाबर ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख शिरीष चव्हाण, जिला सचिव विवेक पाटील, विनायक निकम, भरत पाटील, किरण फडणीस, हरिश्चंद्र पाटील, विजय काशिलकर, सुनील मुळे, मंगेश चव्हाण, उदय चेंदवणकर, विजय शर्मा जैसे वरिष्ठ शिवसैनिक मौजूद रहे।

# इरिट्रिया के बेरहेन टेस्फे ने जीता मुंबई मैराथन

## भारतीयों में अनीश थापा ने मारी बाजी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

टाटा मुंबई मैराथन 2025 का आयोजन आज (19 जनवरी) दक्षिण मुंबई में किया गया। 'मुंबई मैराथन' के 20वें वर्ष के आयोजन में दुनियाभर के धावकों ने हिस्सा लिया। इस साल इरिट्रिया के बेरहेन टेस्फे (Berhane Tesfay) ने टाटा मुंबई फुल मैराथन (International Elite Men winner) जीता है, जबकि भारतीयों में अनीश थापा (Anish Thapa) पहले स्थान पर रहे है। भारतीय एलीट महिला रेस विजेता इस बार भी निरमाबेन ठाकोर (Nirmaben Thakor) ही रहीं।



### इरिट्रिया का दबदबा

मुंबई मैराथन में इस बार अफ्रीका के छोटे से देश इरिट्रिया का दबदबा रहा। पुरुष वर्ग के धावकों में पहले दो स्थान इरिट्रिया के नाम रहा। हालांकि भारतीय पुरुषों में अनीश थापा ने मुंबई मैराथन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उसके बाद मान सिंह और गोपी थोनकल रहे। धावक थापा ने 2 घंटे 17 मिनट 23 सेकंड में फुल मैराथन रेस पूरी की। जबकि दूसरे स्थान पर रहे मान सिंह ने 2 घंटे 17 मिनट 37 सेकंड में दौड़ पूरी की। हालांकि पुरुष वर्ग में भारत के अनीश थापा काफी पीछे रहे। पुरुष वर्ग में इरिट्रिया के बेरहेन टेस्फे ने गोल्ड जीता। उन्होंने 2 घंटे 11 मिनट 44 सेकेंड में रेस पूरी की। मुंबई मैराथन में यह उनकी पहली जीत है। तो दूसरे स्थान पर इरिट्रिया के ही मेरहवी केसेटे (Merhawi Kesete) रहे, जिन्होंने 2 घंटे 11 मिनट 50 सेकंड में रेस पूरी की।

### हजारों धावक हुए शामिल

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन 2025 को हरी झंडी दिखाई। 42.197 किलोमीटर की फुल मुंबई मैराथन आज तड़के शुरू हुई। इस साल 50 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने टाटा मुंबई मैराथन (TMM2025) के लिए रजिस्ट्रेशन करावाया था। मुंबई मैराथन में फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर दौड़, ड्रीम रन, सीनियर सिटीजन रन और चैम्पियन विथ डिसएबिलिटी रन जैसी श्रेणियों में आयोजित की गई। फुल मैराथन को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुंबई मैराथन के लिए पुलिस ने कड़ा बंदोबस्त किया था।

# मनपा के प्रभाग अधिकारी और बीट निरीक्षक रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## एसीबी की कार्रवाई में 50 हजार की रिश्वत के साथ पकड़े गए

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी महानगरपालिका (भिवंडी मनपा) के प्रभाग समिति 4 के सहायक आयुक्त सुनील भोईर और बीट निरीक्षक अमोल वारघडे को मुंबई एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एसीबी द्वारा प्रभाग समिति 4 कार्यालय में शनिवार को पूरे दिन की गई छानबीन में सुनील भोईर के पास से 66,500 रुपए नकद और एक आईफोन भी बरामद किया गया।



### रिश्वत मांगने का कारण

जानकारी के अनुसार, गौरीपाड़ा स्थित हमाल वाडा इलाके में एक ब्रिटिशकालीन जी + 1 इमारत की दीवार गिरने के बाद उसके पुनर्निर्माण के लिए मनपा से अनुमति मांगी गई थी। अनुमति न मिलने पर घर नं. 11/0 पर असरार नामक विकासक की मदद से चार मंजिला इमारत का निर्माण किया गया। इसमें 12 परिवार रहने भी लगे थे। इसके बाद 30 दिसंबर को प्रभाग समिति 4 ने इस अनाधिकृत इमारत पर निष्कासन कार्रवाई का नोटिस जारी किया। हमाल वाडा निवासी मुशीर मोमिन ने प्रभाग अधिकारी सुनील भोईर से मुलाकात कर कार्रवाई रोकने की विनती की। इस पर अधिकारी ने 1,50,000 रुपए की रिश्वत मांगी। मोलभाव के बाद यह रकम 1,30,000 रुपए तय हुई और पहली किस्त 50,000 रुपए देने के लिए धामनकर नाका स्थित सारिका होटल पर बुलाया गया।

### एसीबी की जाल बिछाकर कार्रवाई

पीड़ित मुशीर मोमिन ने इस मामले की शिकायत मुंबई एंटी करप्शन ब्यूरो से की। शनिवार सुबह जैसे ही रिश्वत की रकम सारिका होटल में दी जा रही थी, एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुनील भोईर और अमोल वारघडे को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने प्रभाग समिति 4 के कार्यालय में छानबीन की। इस दौरान 66,500 रुपए नकद और एक आईफोन बरामद किया गया।



### आरोपियों पर मामला दर्ज

गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार प्रतिबंधक अधिनियम 1988 की धारा 7 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना ने भिवंडी महानगरपालिका में फैले भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। एसीबी की इस कार्रवाई से अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त संदेश दिया गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

# महिला डॉक्टर को कार ने कुचला

डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ




तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक महिला डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा कल्याण-बदलापुर रोड पर हुआ, और अंबरनाथ पुलिस ने फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। डॉक्टर रेशमा वर्मा (40 वर्ष) शनिवार (18:00) शाम लगभग 5:45 बजे अंबरनाथ पश्चिम के चिखलोली इलाके में अपने घर लौट रही थीं। इस दौरान, बदलापुर की दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे डॉक्टर वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके हाथ, पैर और घुटने में गंभीर चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा कार चालक की लापरवाही की वजह से हुआ। अंबरनाथ पश्चिम पुलिस स्टेशन में मामले को विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

# नालों की सफाई के लिए बढ़ाई जाएंगी सक्शन मशीनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मानसून के आगमन से पहले मानसूनी नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बरसाती नालों की सफाई के लिए मशीनों की संख्या बढ़ाई जा रही है और इनके रख-रखाव पर भी जोर दिया जा रहा है। सबसे कम दर वसूलने वाली कंपनी को यह कार्य सौंपा जाएगा। सीवेज प्रबंधन विभाग ने मानसून कार्यों की निगरानी शुरू कर दी है, जिसके तहत बरसाती नालों की सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस उद्देश्य के लिए हाई फ्लो जेटिंग कम सक्शन मशीन के व्यापक संचालन और रखरखाव के लिए आवश्यक सेवा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, वर्षा नालों की सफाई के लिए जल पुनर्चक्रण सुविधा के साथ कॉम्पैक्ट तूफान जल निकासी सफाई मशीनें भी खरीदी जा रही हैं। इन मशीनों की मदद से नालों के अंदर की स्थितियों की जांच की जा सकेगी और किसी भी रुकावट को दूर करने के लिए सही कदम उठाए जा सकेंगे।

### 27 जनवरी तक टेंडर

नगर पालिका 27 जनवरी तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास कर रही है। ये मशीनें उन इलाकों में काम करेंगी जहां अधिक बारिश होती है। इन मशीनों द्वारा नालियों में आने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए एक छोटी सी जगह में समायोजित किया जा सकता है। इन मशीनों के माध्यम से नालियों की स्थिति का निरीक्षण किया जा सकेगा और रुकावट होने पर पाइप के जरिए कूड़ा साफ कर नाली में पानी का प्रवाह सुचारू किया जाएगा।

# आयुक्त से मुलाकात के दौरान मोबाइल फोन पर एसएमएस या कॉल न करें

## उल्हासनगर मनपा आयुक्त ने दी जानकारी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

मनीषा आव्हाळे ने उल्हासनगर नगर निगम के आयुक्त का पद ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही उन्होंने विभाग प्रमुखों को कड़ी चेतावनी दी कि वे आयुक्त से मुलाकात के दौरान मोबाइल फोन पर एसएमएस या कॉल न करें।




### ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंग्रेनकर, किशोर गावस, उपायुक्त विजय खेडकर, मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख, शहर अभियंता तरूण शेवकानी, अभियंता हनुमंत खरात, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, कर निर्धारणकर्ता और कलेक्टर नीलम कदम, सिस्टम विश्लेषक श्रद्धा बाविस्कर, सहायक आयुक्त गणेश शिंपी, विशाल कदम, सलोनी निवकर, विभाग प्रमुख अंकुश कदम, मनोज जाधव, राजेश घनघव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पहली बैठक

शुक्रवार को पद ग्रहण करते ही मनीषा अवले ने विभाग प्रमुखों के साथ अपनी पहली बैठक की। इस बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी एसएमएस या कॉल मोबाइल पर नहीं किए जाएंगे, सभी विभाग प्रमुख अपनी फाइलें सीधे आयुक्त के पास जमा नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें चरणबद्ध तरीके से प्रस्तुत करेंगे। महत्वपूर्ण फाइलों को चार दिन पहले पीपीटी के रूप में विभाग द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, और इसमें कर्मचारियों की संख्या, योजनाओं, समस्याओं की जानकारी समेत अन्य विवरण भी शामिल होंगे। साथ ही, मासिक/साप्ताहिक योजनाओं को तैयार किया जाएगा, एक विभाग के अधिकारियों को व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा जाएगा, लेकिन केवल कार्यालय कार्य से संबंधित जानकारी ही ग्रुप पर डाली जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय समय के दौरान कार्यालय में उपस्थित रहेंगे, और सफाई, अभिलेखों का वर्गीकरण, बैठकों की व्यवस्था आदि को प्राथमिकता दी जाएगी। अगले तीन महीनों में ई-ऑफिस लागू करने की योजना है और महत्वपूर्ण सरकारी निर्णयों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# जीएम मोमिन डिग्री कॉलेज में "सतत विकास के लिए जैव रासायनिक दृष्टिकोण" पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



मुंबई विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में तथा जीएम मोमिन वीमेंस कालेज के रसायन विज्ञान,जैव प्रौद्योगिकी एवं अंतःविषय अध्ययन विभाग और रसायन विज्ञान शिक्षक संघ (एसीटी) के सहयोग से सतत विकास की दिशा में जैव रासायनिक दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कालेज सभागार में आयोजित किया गया।उद्घाटन भाषण डॉ. तबस्सुम शेख (प्राचार्य जीएम मोमिन वीमेंस डिग्री कालेज )ने दिया। मुख्य अतिथि डॉ. विजय नरखंडे (संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा, कोकण क्षेत्र) ने सतत विकास में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल और समर्थन का उल्लेख किया और कालेज की छात्रा के भौतिक विज्ञान में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।विशेष अतिथि प्रोफेसर डी.वी. प्रभु ने सतत विकास में रसायन विज्ञान की भूमिका पर व्याख्यान दिया। डॉ. राजेंद्र शिंदे ने अनुसंधान संस्थानों और सतत विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

# ठाणे में ईंट भट्ठा मालिक के मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



ठाणे में एक ईंट भट्ठा मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, उसपर एक उसके लिए काम करने वाले एक जोड़े की पिटाई का आरोप है। दंपति द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(1) और 127(2) के तहत मामला दर्ज किया है। दंपती जून 2024 से आरोपी के साथ काम कर रहे थे। आरोपी की पहचान दिनेश माघे के तौर पर की गई है। अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को पीड़ितों ने आरोपी से अपनी बेटी से मिलने की इजाजत मांगी, लेकिन उसने इनकार कर दिया। पीड़ित दंपती वहां से भागने में कामयाब रहे, लेकिन थोड़ी देर में उन्हें पकड़ लिया गया और भट्ठे में वापस लाया गया। यहां आरोपी ने दंपती की पिटाई की। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में फिलहाल किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। कार्रवाई जारी है।

# भिवंडी में एक बांग्लादेशी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



भिवंडी शहर में पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन की बांग्लादेशी नागरिक से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार भिवंडी के पिराणीपाड़ा इलाके में सुपर होटल के पास एक बांग्लादेशी नागरिक के छिप कर रहने की गोपनीय जानकारी शॉंतिनगर पुलिस स्टेशन की टीम को मिली थी। इस पर बीती रात पुलिस ने पिराणी पाडा में छापा मारकर अबुल मोहम्मद अनवर हुसेन उर्फ बहादुर (22) को हिरासत में लिया। इसके बाद पुलिस अबुल को पुलिस स्टेशन में लाया और उसके कागज पत्रों की छानबीन की। उसके पास से बरामद सभी दस्तावेज फर्जी मिले। इसके बाद पुलिस ने अबुल मोहम्मद अनवर हुसेन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गहन छानबीन जारी है।

लाडकी बहिन योजना

# सातवीं किस्त का इंतजार खत्म

## 26 जनवरी तक आ सकता है पैसा, अजित पवार ने दी जानकारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विधानसभा चुनाव 2024 में गेम चेंजर साबित हुई 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण' (लाडली बहन) योजना को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। योजना के तहत सातवीं किस्त का इंतजार कर रही लाभार्थी महिलाओं के खाते में 'गणतंत्र दिवस' यानी 26 जनवरी तक पैसा आ सकता है। उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने रविवार को इस बारे में खुलासा करते हुए कहा कि दो दिन पहले हमने बहनों को सातवीं किस्त के पैसे के भुगतान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को 3700 करोड़ रुपए का चेक दिया है। एनसीपी के शिर्डी में आयोजित दो दिवसीय राज्यव्यापी नव संकल्प शिविर के दूसरे दिन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चिंता मत करें, चाहे कुछ भी हो जाए, 'लाडली बहन' योजना जारी रहेगी। जरूरतमंद महिलाओं को इसका लाभ मिलना चाहिए और महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस जिम्मेदारी को अब तक बखूबी निभाया है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आगे कहा कि मैं उन लोगों के बारे में अलग ढंग से सोचूंगा जो अमीर हैं, कर देते हैं, नौकरी करते हैं और जिनके दिन अच्छे से कट रहे हैं। फिलहाल इस योजना के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को 3700 करोड़ रुपए का चेक पिछले दिनों दिया गया।



### अनुशासन लागू करने वाला होगा बजट

सोमवार से वह विभिन्न विभागों के साथ बैठक करेंगे, ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष का बजट वित्तीय अनुशासन लागू करने वाला होगा। विधानसभा चुनाव के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। लोकसभा में महायुति को कम सीटें मिलीं। हालांकि, अब तस्वीर बदल गई है। विधान सभा में हमें अच्छी सफलता मिली है। लेकिन कोई भी सफलता या असफलता स्थायी नहीं होती। इसलिए हमें इसमें निरंतरता सुनिश्चित करने की जरूरत है।

### फूंका चुनावी तैयारियों का बिगुल

शिरडी शिविर के समापन के मौके पर कार्यकर्ताओं को अजित ने पार्टी के विस्तार और आगामी मनपा (निकाय) चुनावों में जीत का रोड मैप समझाया। उन्होंने कहा कि जो भी पद का इच्छुक है, उसे जिम्मेदार कार्यकर्ताओं का चुनाव करना होगा। उन कार्यकर्ताओं को 25-25 घरों की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।
एक कार्यकर्ता के प्रति घर 4 वोटों का औसत मानें तो कुल 100 मतदाता हो जाएंगे। अजित पवार ने कहा कि मनपा और नगर पंचायत के चुनाव वार्डवार होंगे। ऐसे में यदि प्रत्येक उम्मीदवार वार्ड में 50 कार्यकर्ता बनाए तो वहां 200 लोग हो जाएंगे। इससे हमें 20,000 वोट मिलेंगे।

### गलत लोगों की दिखाएंगे बाहर का रास्ता

इस मौके पर डीसीएम अजित पवार ने पार्टी में अनुशासनहीनता एवं गलत काम करने वालों को सख्त संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। पार्टी मजबूत होनी चाहिए। इसमें कमी नहीं आनी चाहिए। लेकिन जनता के बीच खराब छवि वाले व्यक्ति को पार्टी में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कोई भी कदाचार नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर यह भी कह दिया कि जो लोग गलत काम करेंगे उन्हें निष्कासित किया जाएगा।

# ठाणे में बिना दस्तावेज के कई बांग्लादेशी रहते हैं: सोमैया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



भाजपा के वरिष्ठ नेता किरीट सोमैया ने दावा किया कि बांग्लादेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के ठाणे के एक श्रमिक शिविर में रह रहे हैं। यहीं से अभिनेता सैफ अली खान के हमलावर को गिरफ्तार किया गया था। पूर्व सांसद ने ठाणे पुलिस आयुक्त से कावेसर श्रमिक शिविर में तलाशी अभियान चलाने का अनुरोध किया। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, मैं 12 मजदूरों से मिला और उनमें से नौ बांग्लादेशी मुस्लिम थे। उनका कहना है कि वे पश्चिम बंगाल के मालदा से हैं, लेकिन उनके पास इसका कोई वैध दस्तावेज नहीं है।

### मुंबई पुलिस को दिया धन्यवाद

किरीट सोमैया आरोपी को पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ‘सैफ अली खान पर हमला करने वाला मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद बांग्लादेशी है और ठाणे में रहता है। मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मैं महाराष्ट्र पुलिस को धन्यवाद करता हूं। मैं महाराष्ट्र पुलिस से मांग करता हूं कि वे महाराष्ट्र में घुस आए रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमानों को पकड़कर वापस बांग्लादेश भेज दें।

# 'खराब छवि वाले लोगों के लिए NCP में कोई जगह नहीं'

### अजित बोले- पार्टी की छवि पर कोई दाग बर्दाश्त नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड़ में सरपंच की हत्या के बाद से सियासी माहौल गर्म है। राकांपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे को लेकर विपक्ष सरकार पर सवाल खड़े कर रहा है। इस बीच, राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक रूप से खराब छवि वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में कोई जगह नहीं है। अजित पवार ने यह भी कहा कि जो लोग गलत करेंगे उन्हें पार्टी से निकाल दिया जाएगा। शिरडी में रांकपा सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि गांवों और कोने-कोने में राकांपा कार्यकर्ता आधार बनाया जाना चाहिए। सभी को समन्वय के साथ काम करना चाहिए। भविष्य राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का है। अजित पवार ने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। आगामी बीएमसी चुनाव को लेकर अजित ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने में रुचि रखने वालों को 25 घरों के समूह से वोट सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार कार्यकर्ताओं का चयन करना चाहिए।

### 'पार्टी को एकजुट रहना चाहिए'



गौरतलब है कि 2023 में अजिच पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसके बाद उन्होंने एनसीपी पर भी अपना दावा कर दिया। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में राकांपा ने 41 सीटें जीतीं। उन्होंने राकांपा कार्यकर्ताओं से युवाओं, डॉक्टरों, इंजीनियरों और वकीलों को पार्टी में शामिल करने की अपील की। पवार ने कहा कि पार्टी को एकजुट रहना चाहिए और उसकी छवि पर असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के मन में खराब छवि वाले व्यक्ति के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। कोई कदाचार नहीं होना चाहिए। जो गलत करेगा उसे निष्कासित कर दिया जाएगा। शरद पवार की टिप्पणी तब आई है जब सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड को लेकर राकांपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे की विपक्ष कड़ी आलोचना कर रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कुछ दिन पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। कराड को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। अभी तक कुल सात आरोपी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। इस मामले के बाद कई नेताओं ने मुंडे से सरकार से इस्तीफा देने की मांग की है।

# बांद्रा टर्मिनस-सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस का उमरगाम रोड स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर अतिरिक्त ठहराव



**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा के लिए, प्रायोगिक आधार पर ट्रेन संख्या 12935/12936 बांद्रा टर्मिनस- सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस को उमरगाम रोड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। ट्रेन संख्या 12935/12936 बांद्रा टर्मिनस- सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस को उमरगाम रोड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है यह ठहराव बांद्रा टर्मिनस से 21 जनवरी , 2025 से एवं सूरत से 20 जनवरी 2025 से प्रभावी है। ट्रेन संख्या 12935 बांद्रा टर्मिनस- सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस उमरगाम रोड 08.37 बजे पहुंचेगी और 08.39 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12936 सूरत - बांद्रा टर्मिनस इंटरसिटी एक्सप्रेस उमरगाम रोड 18.05 बजे पहुंचेगी और 18.07 बजे प्रस्थान करेगी ।

# पश्चिम रेलवे ने टाटा मुंबई मैराथन 2025 में लिया भाग

## रेल सुरक्षा बल ने सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देने का संदेश दिया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

रविवार, 19 जनवरी 2025 को पश्चिम रेलवे के 150 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन 2025 में भाग लिया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने 10 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लेकर इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। विभिन्न श्रेणियों में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी ने इस आयोजन को और खास बना दिया।



### आरपीएफ बैंड ने दिया सुरक्षित यात्रा का संदेश

चर्चगेट प्रोमेनेड के पास रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक विशेष मंच स्थापित किया, जहां उनके बैंड ने सुमधुर गीतों के माध्यम से धावकों का उत्साहवर्धन किया और रेलवे में सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया।

### महिला सुरक्षा पर जागरूकता

आरपीएफ के 50 जवानों की टुकड़ी ने दौड़ में भाग लिया, जिनमें 8 महिला कर्मी भी शामिल थीं। उनकी उपस्थिति का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और रेल अतिक्रमण के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### महाप्रबंधक की प्रेरणादायक भागीदारी

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महाप्रबंधक श्री मिश्र ने अपनी भागीदारी से टीम के लिए प्रेरणा का कार्य किया। उन्होंने 10 किमी दौड़ में टीम का नेतृत्व करते हुए अन्य अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौड़ में प्रमुख प्रतिभागियों में आरपीएफ के महानिदेशक (DG) श्री मनोज यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (SDGM/WR) श्री कुलदीप जैन, मुख्य माल परिवहन प्रबंधक (CFTM/WR) श्री नरेंद्र पंवर, और मंडल रेल प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, श्री पंकज सिंह जैसे अधिकारी शामिल थे।

# स्विट्ज़रलैंड के दावोस दौरे पर रवाना देवेंद्र फडणवीस

### वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम में लेंगे हिस्सा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस 20 से 24 जनवरी तक दावोस में वर्ल्ड आइकॉनिक फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके लिए वे रविवार को तड़के सुबह मुंबई से रवाना हुए। सूत्रों के मुताबिक इस यात्रा के दौरान फडणवीस राज्य में निवेश की नई डील को लेकर कई 1 ट्रिलियन डॉलर की समझौते पर हस्ताक्षर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य करेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच द्वारा आयोजित निवेश सम्मेलन में भाग लेने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुए। विश्व आर्थिक मंच ने 20 से 24 जनवरी तक दावोस में इस सम्मेलन का आयोजन किया है।

### औद्योगिक निवेश में पहला स्थान



इससे पहले फडणवीस ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तीन बार दावोस में इस सम्मेलन में भाग लिया था। उसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में मुंबई में दो बार मैग्नेटिक महाराष्ट्र निवेश सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसके कारण महाराष्ट्र औद्योगिक निवेश में पांचवें स्थान से पहले स्थान पर आ गया था। अभी भी इस दावोस दौरे के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इसमें मुख्यमंत्री फडणवीस कई विश्व नेताओं से भी मिलेंगे। इस दौरे में उद्योग मंत्री उदय सामंत के साथ ही एमआईडीसी, एमएमआरडीए, सिडको का आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी भाग लेगा। इस दौरे के दौरान डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ईवी, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के क्षेत्र में बड़ी संख्या में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस यात्रा के दौरान महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश लाने की भी कोशिश की जाएगी। बेशक, इसके जरिए रोजगार सृजन का मुख्य उद्देश्य भी हासिल किया जाएगा।

### 'टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स-2025' प्रदर्शनी का अवलोकन

इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, नागपुर स्थित भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आईआईटी में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सलेंस जल्द ही एआई का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा। शुक्रवार को उन्होंने सिविल लाइंस क्षेत्र में सेंट उर्सुला स्कूल के प्रांगण में आयोजित 'टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स-2025' प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# 'मैं अर्जुन हूं, अभिमन्यु नहीं'

## मंत्री धनंजय मुंडे ने कहा- मुझे घेरने से कोई फायदा नहीं होगा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी (अजित) के विधायक धनंजय मुंडे इन दिनों विवादों में घिरे हैं। इस बीच उन्होंने रविवार को महाभारत का हवाला देते हुए दावा किया कि उन्हें 'अभिमन्यु' की तरह नहीं घेरा जा सकता, क्योंकि वह महान धनुर्धर 'अर्जुन' हैं। धनंजय मुंडे पिछले साल 9 दिसंबर को बीड में मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख के अपहरण और हत्या के मामले में घिरे हैं। इसको लेकर वह विपक्षी नेताओं के निशाने पर हैं। देशमुख हत्याकांड से जुड़े जबरन वसूली के मामले में पुलिस ने धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया है। इसके बाद से विपक्ष समेत सत्तारूढ़ दल भी इनपर हमलावर हैं। विपक्ष के कई नेताओं ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से धनंजय मुंडे को बर्खास्त करने की मांग की हैं।
इस बीच उन्होंने इस मामले में उन्हें निशाना बनाने वाले नेताओं की आलोचना की। मुंडे ने कहा कि, 'मुझे अभिमन्यु की तरह घेरने से कोई फायदा नहीं होगा।'



### पालकमंत्री नहीं बनाए गए मुंडे

महाराष्ट्र के पारली से NCP विधायक मुंडे को शनिवार रात राज्य सरकार की ओर से घोषित पालक मंत्रियों की सूची में शामिल नहीं किया गया। उनकी जगह उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार को उनके गृह जिले पुणे के अलावा बीड जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एनसीपी (अजित), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और बीजेपी महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में शामिल है।

# जालना जिले की प्रभारी बनीं पंकजा मुंडे



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पंकजा मुंडे को जालना जिले का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। इस जिम्मेदारी के तहत वे जिले की प्रशासनिक गतिविधियों को देखेंगे। इसके साथ ही, अदिति तटकरे को रायगढ़ की पालकमंत्री का पद सौंपा गया है। माधुरी मिसाल को कोल्हापुर की सह-प्रभारी मंत्री के रूप में काम सौंपा गया है, जबकि मेघना बोर्डिकर को परभणी जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। संतोष देशमुख हत्या मामले में धनंजय मुंडे पर आरोप लगने के बाद उन्हें बीड जिले के पालकमंत्री पद से हटा दिया गया है, और इस कारण पंकजा मुंडे को बीड के प्रभारी मंत्री पद से भी दूर रखा गया है। मुंडे परिवार के सदस्यों को बीड के प्रभार से वंचित किए जाने को लेकर चर्चा हो रही है।

# धारावी में बम की झूठी खबर, आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

धारावी में बम होने की खबर झूठी निकली। इस झूठी सूचना के आरोप में नरेंद्र गणपत कवल नामक एक व्यक्ति को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शुक्रवार को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन कर धारावी के राजीव गांधी नगर में बम रखे जाने की झूठी सूचना दी थी।



### गिरफ्तारी और जांच

तकनीकी खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस ने उसी रात आरोपी को धारावी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी के खिलाफ आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में भी इसी तरह की झूठी जानकारी देने का मामला दर्ज है। आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ‘यह घटना शुक्रवार को हुई थी। झूठी कॉल के बाद धारावी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया और तत्काल जांच शुरू की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ यह साफ हुआ कि बम की सूचना झूठी थी।

संपादकीय

# कांग्रेस-आप की जंग में 'इंडिया' को नुकसान

ऐसे समय में जब प्रमुख विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' को मजबूत करने के लिये उसका नेतृत्व कर रहे कांग्रेस पर दबाव है, दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसके और सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के बीच जंग इतनी तेज़ हो गयी है कि शक है कि गठबन्धन में आप रहेगी या नहीं। चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे को नीचा दिखाने पर आमादा कांग्रेस व आप के बीच जो घट रहा है, उससे गठबन्धन की एकजुटता और भविष्य पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। सम्भव है कि इसके बाद आप इंडिया से कांग्रेस को निकालने या उसके हाथों से नेतृत्व छीनने की मुहिम छेड़ दे या स्वयं अलग हो जाये। आप के ताल्लुकात कांग्रेस से हाल के दिनों में काफी बिगड़े हैं। देखना होगा कि यह अदावत क्या गुल खिलाती है। आप का व्यवहार वैसे भी इस मायने में संदिग्ध रहा है कि उसके सभी सियासी कदमों का लाभ केन्द्र की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहा है। विस्तार की महत्वाकांक्षा के चलते पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में उम्मीदवार उतारने का सिलसिला बनाये रखा था। जहां तक इंडिया गठबन्धन का हिस्सा बनने के पहले की बात थी, तब तक तो ठीक था क्योंकि यह हर पार्टी का अधिकार है कि वह चाहे जहां से अपने प्रत्याशी उतारे व कहीं से चुनाव लड़े। देश का शायद ही कोई ऐसा महत्वपूर्ण राज्य होगा जहां से उसने पिछले दस वर्षों में अपने उम्मीदवार खड़े न किये हों। यह तो सही है कि इसके चलते उसने दिल्ली के बाहर पंजाब में अपनी सरकार बनाई है तथा उसे इसका श्रेय जाता है कि कांग्रेस व भाजपा के अतिरिक्त वही ऐसा दल है जिसकी दो राज्यों में सरकारें हैं। जहां तक इंडिया गठबन्धन में शामिल होने के बाद की बात है, दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही उसने तत्काल अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी- सहयोगी दलों से बात किये या तालमेल की गुंजाइशों पर विचार किये बगैर ही। इंडिया गठबन्धन का सबसे बड़ा अंतर्विरोध यह है कि अनेक राज्यों में कांग्रेस जिन दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ती है, विधानसभा चुनावों में उनके सामने होती है। हालांकि कई राज्यों में कांग्रेस व सहयोगियों के सम्बन्ध मजबूत बने हुए हैं। तमिलनाडु (द्रविड मुनेत्र कषगम), महाराष्ट्र (उद्धव ठाकरे की शिवसेना व शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी), झारखंड (झारखंड मुक्ति मोर्चा), बिहार (राष्ट्रीय जनता दल) और कमोबेश उत्तर प्रदेश (समाजवादी पार्टी) के बारे में ऐसा कहा जा सकता है। इसमें भी कई स्थानों पर कोई न कोई घालमेल देखने को मिल ही जायेगा। अब दिल्ली के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने आप को समर्थन देकर खुद को कांग्रेस के खिलाफ खड़ा कर दिया है। यह विभाजन दिल्ली विधानसभा के चुनाव में बढ़ता नज़र आ रहा है। पहले ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कुछ अरसा पहले केजरीवाल को 'राष्ट्रद्रोही' कहकर आग सुलगा दी थी, जो सोमवार की रात को सीलमपुर में हुई प्रचार रैली में दावानल बनती दिख रही है। राहुल गांधी ने यह कहकर भाजपा व आप को एक ही तराजू पर बिठा दिया कि 'सामाजिक न्याय न प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिला सकते हैं और न ही केजरीवाल।' इसके पहले नयी दिल्ली के प्रत्याशी, पूर्व सांसद तथा दिल्ली की पूर्व सीएम दिवंगत शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित ने यह कहकर केजरीवाल पर निशाना साधा कि 'यदि जनता को दिल्ली का मुख्यमंत्री मुस्कुराने वाला चाहिये तो वे कांग्रेस को वोट करें और रोता हुआ चाहिये तो आप के पास जायें!'

शख्सियत | अजीत कुमार डोभाल

## वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार



अजीत कुमार डोभाल एक नौकरशाह , पूर्व जासूस और भारत के वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) हैं। डोभाल सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले एनएसए हैं, वर्तमान में अपना लगातार तीसरा पांच साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं क्योंकि उन्हें पहली बार मई 2014 में भारत के प्रधान मंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के चुनाव के बाद नियुक्त किया गया था। वह इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के पूर्व निदेशक और केरल कैडर से पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं।

एक दशक तक इसके ऑपरेशन विंग के प्रमुख के रूप में काम करने के बाद, उन्होंने 2004-05 में आईबी के निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने एक साल तक पाकिस्तान में आईबी के अंडरकवर जासूस के रूप में काम किया और फिर 6 साल तक इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग में एक अधिकारी के रूप में काम किया ।

उन्होंने अपने करियर का अधिकांश हिस्सा आईबी जासूस के रूप में बिताया। एक जासूस और खुफिया प्रमुख के रूप में, डोभाल 1988 में ऑपरेशन ब्लैक थंडर , इराक में 46 भारतीय नागरिकों की निकासी , 2015 में ऑपरेशन हॉट परस्यूट , पीएफआई की तोड़फोड़ और कई अन्य में शामिल थे ।

उन्होंने दिसंबर 2009 में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (वीआईएफ) की स्थापना की, जो एक दक्षिणपंथी विचारधारा वाला थिंक टैंक है, जिसका निर्देशन उन्होंने एनएसए के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले किया था। डोभाल का जन्म 1945 में तत्कालीन संयुक्त प्रांत (अब उत्तराखंड ) के पौड़ी गढ़वाल के घिरी बनलस्यूं गांव में हुआ था । डोभाल के पिता मेजर जीएन डोभाल भारतीय सेना में अधिकारी थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान के अजमेर स्थित अजमेर मिलिट्री स्कूल में प्राप्त की।उन्होंने 1967 में आगरा विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की।

डोभाल 1968 में केरल कैडर में कोट्टायम जिले के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के रूप में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में शामिल हुए। केंद्रीय सेवा में शामिल होने से पहले, डोभाल ने 1972 में कुछ महीनों के लिए केरल के थालास्सेरी में काम किया था । उन्हें 1971 से 1999 तक इंडियन एयरलाइंस के विमानों के सभी 15 अपहरणों को समाप्त करने में शामिल होने का अनुभव है।

# व्यावहारिक अनुभव के साथ सैद्धांतिक ज्ञान भी जरुरी

लीगल एड क्लीनिक के जरिये छात्र समाज में जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्हें वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य कानूनी पेशेवरों से बातचीत का मौका मिलता है। इस अनुभव से छात्रों को अपने भविष्य के करियर के लिए व्यावहारिक दिशा मिलती है। कानून का अध्ययन केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। यह एक व्यावहारिक पेशा है, जो समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, लीगल एड क्लीनिक कानून के छात्रों के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं, जहां वे सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के साथ-साथ समाज सेवा भी कर सकते हैं।

भारतीय बार काउंसिल (बीसीआई) कानून विश्वविद्यालयों में कानूनी सहायता क्लीनिकों की स्थापना और संचालन को अनिवार्य मानती है। इन क्लीनिकों का उद्देश्य छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। उन्हें गरीबों तथा वंचितों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए प्रेरित करना है। बीसीआई इन क्लीनिकों की नियमित निगरानी करती है, ताकि छात्रों को उचित मार्गदर्शन और प्रशिक्षण मिल सके। कानूनी सहायता क्लीनिक न होने पर शिक्षा संस्थानों पर जुर्माना, शो कॉज नोटिस, अनुशासनात्मक कार्रवाई या मान्यता रद्द करने जैसी कड़ी कार्रवाइयां की जा सकती हैं।

लीगल एड क्लीनिक ऐसे केंद्र होते हैं, जहां कानून के छात्र जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करते हैं, जिससे छात्रों को वास्तविक जीवन के कानूनी मुद्दों से निपटने का अनुभव मिलता है। वे कानूनी प्रणाली को गहरे से समझते हैं। ये क्लीनिक परिवारिक, भूमि, श्रम विवाद जैसे विभिन्न मामलों में मदद करते हैं। भारत में कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में लीगल एड क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। सरकार भी विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से इनका समर्थन करती है।

लीगल एड क्लीनिक छात्रों को अपने कानूनी ज्ञान को सैद्धांतिक से परे वास्तविक जीवन की स्थितियों में लागू करने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। यहां वे विभिन्न कानूनी मामलों से निपटते हैं, लोगों को कानूनी सलाह देते हैं, और कानूनी सिद्धांतों को व्यावहारिक अनुभव के साथ समझते हैं।

इसमें भागीदारी से छात्र समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और जरूरतमंदों की



मदद करने के लिए प्रेरित होते हैं। यहां उन्हें वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य कानूनी पेशेवरों से बातचीत का मौका मिलता है, जिससे उनका नेटवर्क मजबूत होता है। इस अनुभव से छात्रों को अपने भविष्य के करियर के लिए व्यावहारिक तैयारियां मिलती हैं। एक कॉर्पोरेट कानून का छात्र छोटे व्यवसायों को कानूनी सलाह देकर कॉर्पोरेट कानून के पहलुओं को समझ सकता है।

कानूनी सहायता क्लीनिक में छात्रों को शामिल करना आवश्यक है, जिससे उन्हें वास्तविक मुकदमे और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। अनुभवी अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन, कानूनी प्रक्रियाओं और नैतिक मानदंडों की समझ जरूरी है। क्लीनिक संचालकों को

**डॉ. सुधीर कुमार**

सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। इसके अलावा, क्लीनिक को आधुनिक संसाधनों जैसे कंप्यूटर, इंटरनेट और कानूनी पुस्तकालय से सुसज्जित किया जाना चाहिए।

इसमें शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें छात्रों के साथ सहयोगी संबंध स्थापित करना चाहिए, ताकि वे अपनी समस्याओं को खुलकर साझा कर सकें। शिक्षक को प्रायोगिक शिक्षण पद्धतियों, जैसे मॉक कोर्ट और क्लीनिकल लीगल एजुकेशन के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देना चाहिए। वे छात्रों को यह समझाएं कि लीगल एड क्लीनिक समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षक को अपने ज्ञान को अपडेट रखना चाहिए, छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करना चाहिए और उन्हें नेतृत्व के गुण विकसित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

विश्वविद्यालयों को पर्याप्त बजट और प्रशिक्षित कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना और विभिन्न प्रकार के कानूनी मुद्दों के लिए कार्यक्रम विकसित करना चाहिए। इसके अलावा, विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाना, जागरूकता अभियान चलाना, नियमित मूल्यांकन करना और अध्यापकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। तकनीक का उपयोग और कानूनी सेवा प्राधिकरणों के साथ सहयोग करके भी इन क्लीनिकों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

लीगल एड क्लीनिक की प्रभावी निगरानी के लिए नियमित बैठकें, विद्यार्थियों से प्रगति रिपोर्ट लेना, अध्यापकों द्वारा सुपरविज़न, कार्यक्रम का मूल्यांकन, लोगों से फीडबैक लेना, पारदर्शिता बनाए रखना, विद्यार्थियों को कानूनी सलाह देना आदि महत्वपूर्ण उपाय हैं। इन उपायों से क्लीनिक के उद्देश्यों की प्राप्ति, विद्यार्थियों का विकास और लोगों की संतुष्टि सुनिश्चित की जा सकती है।

जीवन मंत्र

# क्या अकेलेपन से हो सकता है इंफेक्शन?

अकेले रहना कई बार आपके मन को खुश कर सकता है, लेकिन अगर कोई व्यक्ति लोगों से दूर भागता है और सिर्फ अकेले रहना पसंद करता है तो इससे शरीर अंदर ही अंदर से खोखला बन जाता है। ऐसे में सलाह दी जाती है कि परिवार और दोस्तों के साथ कनेक्टेड रहना जरूरी है।

अकेलापन शरीर को अंदर ही अंदर खोखला बना देता है। इससे दिमागी हालात भी काफी हद तक खराब हो जाती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अकेलेपन से इंफेक्शन की समस्या भी हो सकती है?

अकेले रहना कई बार आपके मन को खुश कर सकता है, लेकिन अगर कोई व्यक्ति लोगों से दूर भागता है और सिर्फ अकेले रहना पसंद करता है तो इससे शरीर अंदर ही अंदर से खोखला बन जाता है। ऐसे में सलाह दी जाती है कि परिवार और दोस्तों के साथ कनेक्टेड रहना जरूरी है। जब आप एक दूसरे से जुड़े रहते हैं तो मानसिक और शारीरिक तौर पर खुद को फिट रख सकते हैं। जी हां, एक नई स्टडी के मुताबिक अकेलापन न सिर्फ मेंटल हेल्थ को नुकसान पहुंचाता है बल्कि ये इंफेक्शन का कारण भी बन सकता है।

आइए, जानते हैं क्या कहती है स्टडी- यूके के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और चीन के फुडन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक अध्ययन में 42,000 से ज्यादा वयस्कों के ब्लड सैंपल को चेक किया। जिसमें उन्होंने पाया कि सोशली दूर रहना और अकेलापन खून में अलग प्रोटीन से जुड़ा हुआ है जो गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम जैसे सूजन,



इम्यून रिस्पोंस और स्ट्रेस रेगुलेशन पर असर डाल सकता है। सोशली दूर रहने पर व्यक्ति सामाजिक संपर्क और एक्टिविटी से दूर रहता है। जबकि अकेलापन अकेले रहने की भावना है। ये दोनों अलग-अलग हैं, नेचर ह्यूमन बिहेवियर के अध्ययन में दोनों से जुड़े प्रोटीन में खास ओवरलैप पाया गया। शोधकर्ताओं ने सोशली दूर रहने से जुड़े 175 प्रोटीनों और अकेलेपन से जुड़े 26 प्रोटीनों की पहचान की, जिनमें से 85% प्रोटीन अतिव्यापी हैं। ये प्रोटीन सूजन, वायरल प्रतिक्रियाओं और मधुमेह और दिल संबंधी समस्याओं जैसी बीमारियों में शामिल होते हैं।

रिपोर्ट्स का कहना है कि पहचाना गया एक प्रमुख प्रोटीन एडीएम था, जो तनाव और ऑक्सीटोसिन जैसे सोशल हार्मोन को नियंत्रित करता है, जिसे 'लव हार्मोन' के रूप में जाना जाता है। हाई एडीएम लेवल भावनात्मक और सामाजिक प्रोसेसिंग के लिए जिम्मेदार छोटे मस्तिष्क क्षेत्रों और जल्दी मृत्यु के बढ़ते खतरे से जुड़े थे। इसके अलावा एक दूसरा प्रोटीन, एएसजीआर1, हाई कोलेस्ट्रॉल और दिल की बीमारी के अधिक जोखिम से जुड़ा था। पहचाने गए अन्य प्रोटीन इंसुलिन प्रतिरोध, धमनी डैमेज और यहां तक कि कैंसर की प्रगति से जुड़े हुए हैं।

अच्छी शारीरिक हेल्थ के लिए सामाजिक रूप से जुड़े रहें। शोधकर्ता सामुदायिक कार्यक्रमों, सामाजिक एक्टिविटी से जुड़े रहने का सुझाव देते हैं क्योंकि ये अकेलेपन को कम करने और हेल्थ में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

जीवन ऊर्जा | अब्दुल गफ्फार खान : निधन- 20 जनवरी , 1988 | देहावसान

# अहिंसा प्रेम है और यह लोगों में साहस जगाती है

अब्दुल गफ्फार खान को बादशाह खान के नाम से भी जाना जाता है। उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत के एक भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता और भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ खुदाई खिदमतगार प्रतिरोध आंदोलन के संस्थापक थे । वह एक राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता थे जो अपने अहिंसक विरोध और आजीवन शांतिवाद के लिए जाने जाते थे । अब्दुल गफ्फार खान का निधन 20 जनवरी , 1988 को हुआ था।

मैं अहिंसा में विश्वास करता हूं और मैं कहता हूं कि जब तक अहिंसा का अभ्यास नहीं किया जाता तब तक दुनिया के लोगों को शांति या शांति नहीं मिलेगी, क्योंकि अहिंसा प्रेम है और यह लोगों में साहस जगाती है। दुनिया की कोई भी ताकत धैर्य और धार्मिकता के ख़िलाफ़ नहीं टिक सकती। दुनिया में आया हर धर्म प्रेम और भाईचारे का संदेश लेकर आया है। अहिंसा प्रेम है और यह लोगों में साहस जगाती है। मैं अपनी सारी ऊर्जा एक ऐसे समाज की स्थापना के लिए समर्पित कर रहा हूं जो सत्य और शांति के सिद्धांतों पर आधारित हो। मेरा धर्म सत्य, प्रेम, ईश्वर और मानवता की सेवा है। जो अपने साथियों के कल्याण के प्रति उदासीन हैं, जिनके हृदय प्रेम से खाली हैं, वे धर्म का अर्थ नहीं जानते। यदि आप



जानना चाहते हैं कि संस्कृति कितनी सभ्य है, तो देखें कि वे अपनी महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार करते हैं।

तुम्हें ऐसा अस्त्र देने जा रहा हूँ कि उसके सामने पुलिस और सेना टिक नहीं सकेगी। यह पैगंबर का हथियार है, लेकिन आप इसके बारे में नहीं जानते। वह हथियार है धैर्य और धार्मिकता। दुनिया की कोई भी ताकत इसके खिलाफ टिक नहीं सकती।

मरा हुआ राष्ट्र ही अपने नायकों को मरने के बाद याद करता है। जब वे जीवित होते हैं तो वास्तविक राष्ट्र उनका सम्मान करते हैं। मेरा धर्म सत्य, प्रेम, ईश्वर और मानवता की सेवा है। दुनिया में आया हर धर्म प्रेम और भाईचारे का संदेश लेकर आया है। जो अपने साथियों के कल्याण के प्रति उदासीन हैं, जिनके हृदय प्रेम से खाली हैं, वे धर्म का अर्थ नहीं जानते।

आज की दुनिया एक अजीब दिशा में यात्रा कर रही है। आप देखते हैं कि दुनिया विनाश और हिंसा की ओर जा रही है और हिंसा की विशेषता है लोगों में नफरत पैदा करना और डर पैदा करना। मैं अहिंसा में विश्वास करता हूं और मैं कहता हूं कि जब तक अहिंसा का अभ्यास नहीं किया जाता तब तक दुनिया के लोगों को शांति या शांति नहीं मिलेगी।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवत चरणों में ही व्यक्ति शान्ति प्राप्त कर सकता है

(भाग 3)

जीव ईश्वर को पकड़े, यह भी एक भक्ति है, लेकिन यदि ईश्वर ही जीव को पकड़ ले तो इससे बढ़कर जीव का सौभाग्य नहीं हो सकता। भगवान ने अंगद की भुजा पकड़ ली। दोनों में अन्तर दिखाई पड़ा। बालि जब भी





**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

किसी को हराता तो उसको इस बात की बेचैनी हो जाती थी कि उसकी विजय को कैसे दूसरे लोग देखें ? यह भी अभिमान की भावना है। अभिमानी चाहता है कि उसकी जीत को सब लोग देखें। रावण को हराने के बाद बालि ने रावण को बगल में दबा लिया और छः महीने तक घूमता रहा कि यह देख लो, मेरी विजय का प्रमाण-पत्र और अंगद कितना विनयी है कि जब रावण सचमुच हारने ही वाला था, तब अंगद ने अपने पैर को रावण द्वारा हटाने की चेष्टा करने से रोक दिया और तुरन्त कहा-

गहत चरन कह बालिकुमारा।<br>
मम पद गहें न तोर उबारा।।<br>
गहसि न राम चरन सठ जाई।<br>
सुनत फिरा मन अति सकुचाई।।

यही बालि और अंगद का अंतर है। अंगद को तनिक भी इच्छा नहीं हुई कि रावण के सभासद या संसार के लोग यह माने कि अंगद ने रावण से अपना पैर पकड़वा लिया, अपितु उनके अन्तःकरण में भी हनुमान जी की ही भाँति यही भावना आयी कि यदि तुम्हें सीताजी को प्राप्त करना है तो उसका उचित माध्यम मैं नहीं हूँ, अपितु प्रभु श्रीराम हैं। उन्होंने रावण से यही कहा कि तुम शान्तिरूपा सीता को पाना चाहते हो और शान्ति को भी बन्दर के चरण पकड़कर पाना चाहते हो ! इससे बढ़कर मूर्खता और क्या होगी ?

ईश्वर का चरण पकड़कर ही व्यक्ति जीवन में सच्ची शान्ति पा सकता है, अंगद यही बताना चाहते हैं। जब हनुमान जी सीताजी की खोज के लिए लंका में गये तो उसका भी अर्थ यही है कि भगवत् चरणों का आश्रय ग्रहण करके ही व्यक्ति शान्ति प्राप्त कर सकता है। दोनों में, अंगद और हनुमान जी की लंका यात्रा में यही मूल तत्व सामने आता है।

## अपने विचार

एनडीएमसी और दिल्ली नगर के सफाई कर्मचारियों से इस योजना की शुरुआत की जाए। इसके तहत केंद्र सरकार जमीन दे, दिल्ली सरकार उस पर घर बनवा दे।



**-अरविंद केजरीवाल** ,संयोजक,आप पार्टी

ECI ने उन्हें महाराष्ट्र चुनाव की मतदाता सूची देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र लोकसभा और विधानसभा के बीच मतदाताओं में एक करोड़ की वृद्धि हुई है,तो यह चुनाव आयोग का कर्तव्य और पवित्र जिम्मेदारी है।



**-राहुल गांधी**, नेता विपक्ष

मुंबई में फिलहाल 3,500 लोकल सेवाएं चल रही हैं। रेलवे आगामी समय में 300 और लोकल सेवाएं शुरू करने के लिए 17,107 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।



**-अश्विनी वैष्णव** , केंद्रीय मंत्री

चिराग पासवान ने मुझे सपोर्ट किया ये महत्वपूर्ण नहीं है। चिराग पासवान ने बिहार के बच्चों का सपोर्ट किया है इसके लिए उनका स्वागत किया जाना चाहिए।



**-प्रशांत किशोर** , संस्थापक, जन सुराज पार्टी

अपने विचार

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# माघ गुप्त नवरात्रि कब से हैं?

## जानें घटस्थापना मुहूर्त और पूजा-विधि

माघ शुक्ल के पहली तिथि से नवमी तिथि तक नियम पूर्वक नवरात्र का पूजन विशेष मनोकामना की सिद्धि के लिए किया जाता है। इस नवरात्र को कम ही लोग करते हैं। उत्तर भारत के हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, बंगाल आदि प्रदेशों में इस दौरान मां भगवती की पूजा की जाती है। इस नवरात्र में नौ दुर्गा व दस महाविद्याओं की



पूजा की जाती है। गुप्त रूप में रात्रि में मां दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती, गायत्री, पार्वती, सीता, राधा एवं गंगा की पूजा की जाती है। इसमें साधक साधनाकाल में मां भगवती का मंत्रों का जप, तप, ध्यान करते हैं जिससे जीवन में आ रही सभी बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। इस दौरान कई साधक महाविद्या तंत्र साधना के लिए मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, माता बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा करते हैं।

**गुप्त नवरात्रि कब से कब तक-** इस साल माघ महीने के गुप्त नवरात्र की शुरुआत 30 जनवरी, 2025 से हो रही है। माघ माह की गुप्त नवरात्रि का समापन 7 फरवरी को होगा।

### पूजा-विधि:

- सुबह उठकर जल्दी स्नान कर लें, फिर पूजा के स्थान पर गंगाजल डालकर उसकी शुद्धि कर लें।
- घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें।
- मां दुर्गा का गंगा जल से अभिषेक करें।
- मां को अक्षत, सिन्दूर और लाल पुष्प अर्पित करें, प्रसाद के रूप में फल और मिठाई चढ़ाएं।
- धूप और दीपक जलाकर दुर्गा चालीसा का पाठ करें और फिर मां की आरती करें।
- मां को भोग भी लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है।
- पूजा सामग्री की लिस्ट-लाल चुनरी, लाल वस्त्र, मौली, श्रृंगार का सामान, दीपक, घी/ तेल, धूप, नारियल, साफ चावल, कुमकुम, फूल, देवी की प्रतिमा या फोटो, पान, सुपारी, लौंग, इलायची, बताशे या मिसरी, कपूर, फल-मिठाई, कलावा।

### घटस्थापना का मुहूर्त-

- सुबह 9 बजकर 25 मिनट से सुबह 10 बजकर 46 मिनट तक रहेगा।
- दोपहर 12 बजकर 13 मिनट से दोपहर 12 बजकर 56 मिनट तक रहेगा।




इन बेमिसाल तरीकों से करें यूज

# नींबू का छिलका आएगा खूब काम



सब अमूमन नीबू का रस निचोड़ने के बाद उसके छिलके को यों ही फेंक देते हैं। पर, इस बात से वाकिफ होना जरूरी है कि नीबू ही नहीं बल्कि उसका छिलका भी काफी करामाती होता है। ताजगी, फ्लेवर और खुशबू से भरे इन छिलकों का इस्तेमाल आप कई तरह से कर सकती हैं। नीबू की एक और खासियत यह भी है कि यह हमारी रसोई में सालों भर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाती है। आपको चाहे खुद से कुछ-न-कुछ बनाना पसंद है या फिर साफ-सफाई का फितूर आप में है, नींबू का छिलका हर काम में आपके लिए मददगार साबित होने वाला है। कैसे नींबू के साथ-साथ उसके छिलके का भी करें भरपूर इस्तेमाल, आइए जानें:

### घर को बनाएं खुशबूदार

घर को खुशबूदार बनाने के लिए जरूरी नहीं है कि महंगे रूम फ्रेशनर पर ही हमेशा पैसे खर्च किए जाएं। आप इस काम में नींबू के छिलकों की भी मदद ले सकती हैं। नींबू से रूम फ्रेशनर तैयार करने के लिए सॉसपैन में एक कप पानी डालें। उसमें नीबू का छिलका, दालचीनी का एक टुकड़ा और कुछ लौंग डालें। अच्छी तरह से उबालें। गैस ऑफ करें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो उसे छानकर एक स्प्रे बोतल में डालें और रूम फ्रेशनर की तरह इस्तेमाल में लाएं। नीबू से और भी आकर्षक रूप-रंग में रूम फ्रेशनर बनाना है तो नींबू के छिलकों को सुखाकर उन्हें छोटे-छोटे पाउच में डालें। अब इस पाउच को अपने शू रैक और ड्रॉअर आदि में रखें। चप्पल और जूतों वाला ड्रॉअर भी हमेशा नीबू की खुशबू से भरा रहेगा।

### सफाई होगी खुशबू वाली

घर को साफ-सुथरा और चमकदार रखना आपका शौक है, तो अपने इस शौक को पूरा करने में नींबू को अपना साथी बनाएं। एक शीशे की बोतल में सफेद विनिगर और नींबू का छिलका डालें। इस मिश्रण को एक सप्ताह के लिए यों ही छोड़ दें। बस, हो गया काम। घर के मुश्किल-से-मुश्किल कोने की सफाई के लिए आपका क्लीनर तैयार है। इसकी मदद से आप किचन के स्लैब से लेकर अपने बाथरूम के फिटिंग्स की खोई चमक को भी वापस ला सकती हैं। नींबू के छिलके और विनिगर का यह मिश्रण न सिर्फ सफाई में आपकी मदद करेगा बल्कि घर को फ्रेश और खुशबूदार भी बनाए रखेगा।

### खाने का स्वाद बनेगा दमदार

नींबू की कुछ बूंद तो हर डिश के स्वाद को कई गुना तो बढ़ा ही देती है, पर क्या आप जानती हैं कि इसके छिलके में भी खाने को स्वादिष्ट बनाने की खूबी होती है। नींबू के छिलकों को अच्छी तरह से सुखाकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को एयर टाइट डिब्बे में स्टोर कर लें। अब इसका इस्तेमाल बेकिंग से लेकर सलाद की ड्रेसिंग तक में और अपने पसंदीदा ड्रिंक से लेकर नूडल्स तक में करें। इस पाउडर की खास बात है कि यह जल्दी खराब भी नहीं होता है।

### ड्रिंक को दें अनूठा अंदाज

अपने हाथों से बनाए ड्रिंक से घर आए मेहमानों पर खास असर छोड़ना चाहती हैं तो नींबू के छिलकों को आइस ट्रे में डालें। ऊपर से थोड़ा पानी डालें और जमा लें। अब वर्जिन मोइतो बना रही हैं या फिर आइस टी, उसमें नींबू के छिलके वाला एक आइस क्यूब डाल दें। न सिर्फ आपके ड्रिंक की खूबसूरती बढ़ेगी बल्कि उसका स्वाद भी कई गुना बढ़ जाएगा।

### माइक्रोवेव भीतर से भी चमकेगा

माइक्रोवेव में खाना बनाना और गर्म करना दोनों आसान तो है, पर इस क्रम में माइक्रोवेव भीतर से भी बहुत जल्दी गंदा और चिपचिपा हो जाता है। इस चिपचिपाहट को दूर करने में भी नींबू का छिलका आपके काम आएगा। एक माइक्रावेव सेफ बर्तन में नीबू का छिलका और पानी डालें। इसे माइक्रोवेव में डालकर पांच से सात मिनट तक गर्म करें। नीबू वाला भाप माइक्रोवेव को भी न सिर्फ खुशबूदार बनाएगा बल्कि उसके बाद उसे भीतर से साफ करना भी आसान हो जाएगा।

# सुख-समृद्धि के आगमन के लिए घर में लगाएं क्रासुला का पौधा, जान लें नियम

घर के आसपास के वातावरण को शुद्ध और सकारात्मक रखने के लिए पौधे लगाने बेहद लाभकारी माना गया है। फेंगशुई के अनुसार, कुछ पौधे लगाने से घर की पॉजिटिविटी बढ़ने के साथ जीवन में धन, सुख-समृद्धि और खुशियों का आगमन होता है। इनमें से एक पौधा है क्रासूला। इसे जेड प्लांट, लकी प्लांट और मनी प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, यह पौधा नेगेटिविटी दूर करने के साथ घर में बरकत भी लाता है। आदमनी में इजाफा होता है। ऐसा कहा जाता है कि इस पौधे को घर में लगाने से तनाव से मुक्ति मिलती है और मानसिक शांति भी मिलती है। रिश्तों में मिठास आती है और पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है, लेकिन फेंगशुई में क्रासुला का पौधा लगाने के कुछ नियम बताए गए हैं। आइए जानते हैं घर में क्रासुला का प्लांट लगाने के फेंगशुई नियम...



### क्रासुला का पौधा लगाने के फेंगशुई नियम

फेंगशुई के अनुसार, क्रासुला का पौधा पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना लाभकारी माना गया है। इस दिशा में पौधा रखने से घर में धन का आगमन होता है क्योंकि यह दिशा कुबेर देव से संबंधित मानी जाती है।

क्रासुला के पौधे को घर के प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर रखना उचित माना गया है। मान्यता है कि इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होगा।

फेंगशुई के अनुसार, क्रासुला के पौधे को घर के दक्षिण दिशा में लगाने से बचना चाहिए। इससे नकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

पौधे को ऐसी जगह रखें। जहां सूर्य का प्रकाश पौधे पर पड़े। पौधे को नियमित पानी दें, लेकिन ध्यान रखें की मिट्टी गीली न रहे। इसे सप्ताह में 3-4 बार पानी दे सकते हैं।

# कोलेजन बूस्ट करते हैं ये फल, स्किन पर आएगा कुदरती निखार





अच्छी स्किन के लिए कोलेजन बहुत जरूरी है। यह एक तरह का प्रोटीन है, जो स्किन का मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है।इसे बूस्ट करने के लिए आपको अपनी डायट में कुछ फलों को शामिल करना चाहिए। यहां हम बता रहे हैं कोलेजन बूस्ट करने वाले फल-

- **संतरे-** संतरेमें विटामिन सी होता है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। प्रदूषक तत्वों और सूरज के संपर्क में आने से स्किन सुस्त हो जाती है। ऐसे में संतरा चेहरे पर चमकदार चमक लाने में मदद करता है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।
- **बेरीज-** सभी तरह की बेरीज, जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी कोलेजन से भरपूर टेस्टी फ्रूट होते हैं। सभी बेरीज में जरूरी विटामिन सी होता है, जो स्किन के लिए खूब फायदेमंद होता है। इन बेरीज में एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।
- **ट्रॉपिकल फ्रूट्स-** अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फल कोलेजन बूस्ट करते हैं। ये न केवल टेस्टी लगते हैं, बल्कि आपके शरीर को आंतरिक रूप से पोषण भी देते हैं। तरबूज में पानी की मात्रा ज्यादा होती है और यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने वाले गुणों के लिए जाना जाता है।
- **ग्रेप फ्रूट-** अंगूर विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। ये स्किन की लोच में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई करने में मदद मिलती है, जिससे आप ज्यादा कोलेजन बूस्ट कर सकते हैं।

5) एवोकाडो- ये फल कई हेल्थ बेनिफिट्स से भरपूर है और टेस्टी भी होता है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें विटामिन ई और विटामिन सी जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो कोलेजन बूस्ट करने में मदद करते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** आज रोजगार में अच्छी वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृष** आज रोजगार में अच्छी वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** धन के बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी।

**कर्क** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें।

**सिंह** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी।

**वृश्चिक** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**धनु** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**मकर** व्यापार में लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। दूर से शोक संदेश मिल सकता है। बाहरी विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मीन** आज पुराने साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। बाहरी क्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। व्यापार में अच्छी खबर मिलेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

# मंगल मेष राशि से सिंह राशि तक 'सूर्य ' के साथ त्रिकोण आधिपत्य साझा करता है!

वृश्चिक राशि में मंगल का स्वामित्व एवं आधिपत्य केतु के साथ पृथक तथा विभाजित होता है,
और इस राशि का कारकत्व ₹शनि₹ के पास होता है! नाकि सूर्य के पास !
यह बृहस्पति के लिए उसकी मूल त्रिकोण राशि धनु राशि से 12वें घर/ राशि की स्थिति भी है!
वृश्चिक राशि या आठवें घर में बृहस्पति ना तो काल पुरुष की कुंडली में पहली राशि या घर की तरह ना तो परम मित्र ₹सूर्य₹ के कारकत्व को ग्रहण कर पाता है,
और ना ही पहले घर की तरह दिशात्मक बल या दिग्बल को प्राप्त कर पाता है!
यहां बृहस्पति अपनी अधिकतम दिव्यता को खो देता है, और केतु और शनि के सह - स्वामित्व एवं कारकत्व के अधीन वृश्चिक राशि में ₹नियति के हथौड़े₹ का सामना करता है!
लाल किताब ज्योतिष में शुद्ध लौह ₹शनि₹ है, और छड़ी या डंडा ₹केतु₹ है, चूंकि यहां ₹बृहस्पति₹ शनि और केतु के साथ मिल जाता है, और ₹नियति के खेल ₹का सामना करता है!

भाग-2






प्रियंका जैन
9769994439

लाल किताब ज्योतिष शास्त्र में बृहस्पति को ₹स्वर्ण₹ और ₹क़िस्मत₹ दोनों ही कहा गया है, जबकि शनि को लौह और केतु को डंडा कहा गया हैं, जब तपे हुए लौह निर्मित हथौड़ीनुमा भाग में लकड़ी या लौह निर्मित डंडा डाल कर एक अंतिम आकार दिया जाता हैं, तब मंगल शनि केतु की संयुक्त शक्ति से बना मज़बूत हथौड़ा निर्मित होता हैं, जिसे ₹विधाता की लाठी₹ और ₹काल {शनि} का हथौड़ा₹ भी कहा जाता हैं!
तो जब ये मंगल शनि केतु की संयुक्त ऊर्जा से निर्मित काल का हथौड़ा बृहस्पति रूपी स्वर्ण और क़िस्मत पर पड़ता हैं, तो इसके लौह की चोट से स्वर्ण तो पीतल सदृश हो जाता हैं,
और क़िस्मत { बृहस्पति} फूट और पिट जाती है!
वृश्चिक राशि में बृहस्पति हो या कोई भी अन्य ग्रह ही क्यों नहीं हो, सबको नियति के इस खेल में काल के हथौड़े का सामना अनिवार्य रूप से करना ही पड़ता हैं!
सूर्य गुरु शुक्र केतु शनि के अतिरिक्त अन्य ग्रह आठवें भाव या वृश्चिक राशि में बहुत अच्छा फ़ल नहीं दे सकते है!
उपर्युक्त वर्णित ग्रह भी वृश्चिक राशि या आठवें भाव की पीड़ा के जातक द्वारा कर्मफल के भोगोपरांत ही अपना अपना पृथक फ़ल देते है।
यही एकमात्र कारण है!
कि वृश्चिक राशि में बृहस्पति मंगल ग्रह का मित्र होने के बावजूद भी मेष राशि की तुलना में लौकिक स्तर पर अच्छा फ़ल नहीं प्रदान कर पाता है।

न्यूज़ ब्रीफ

## पति हिरासत में, विवाहिता की अंत्येष्टि संपन्न



**वाराणसी।** मंडुवाडीह-चांदपुर मार्ग स्थित एलजी गेस्ट हाउस के सामने बांस में बंधे फंदे से चंदौली के मुगलसराय के महमूदपुर गिधौली (वार्ड संख्या 3) निवासी 22 वर्षीय खुशबू सोनकर की लाश लटकी मिली थी। मंडुवाडीह पुलिस ने उसके पिता बसंतु की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए पति लहरतारा निवासी हिमांशु को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी से शनिवार को शादी से लेकर बीच में हुई पंचायत, शुक्रवार रात के गेस्ट हाउस में हुए घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। साथ ही पुलिस की टीम पुनः गेस्ट हाउस के सामने पहुंची थी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाले। फुटेज में दिख रहा है कि युवती गेस्ट हाउस से चलकर जाती है, इसके बाद उसका शव फंदे से लटकता मिलता है। पुलिस ने शुक्रवार को ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मायके पक्ष के लोग शव लेकर घर चले गये और अंत्येष्टि की।

## तीनों शाही स्नान पर फ्री रेल टिकट



**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। तीनों शाही स्नानों के लिए एक खास योजना के तहत फ्री रेल टिकट की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा खासतौर पर एक विशेष शहर से उपलब्ध कराई जाएगी, जहां से श्रद्धालु निःशुल्क प्रयागराज तक की यात्रा कर सकेंगे। रेलवे और राज्य सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए आपसी समन्वय किया है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु बिना किसी आर्थिक बाधा के महाकुंभ में शामिल हो सकें।

## कोहरे के कारण 10 गाड़ियां आपस में टकराईं

**लखनऊ।** सर्दियों के घने कोहरे ने एक बार फिर हादसे का रूप ले लिया। नेशनल हाईवे पर 10 गाड़ियों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें 3 लोगों की जान चली गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की वजह से हाईवे पर घंटों जाम लगा रहा। कोहरे के कारण केवल सड़क ही नहीं, बल्कि रेल और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा। नौचंदी एक्सप्रेस और वंदे भारत ट्रेन काफी देर तक लेट रहीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# बिलाल और अयान की हत्या का आरोपी मुल्ला अफरोज गिरफ्तार

### पाकिस्तान से जुड़ा है कनेक्शन

**संभल।** संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में सरायतरीन निवासी बिलाल और कोटगर्बी निवासी अयान की हत्या शारिक साटा गिरोह के सदस्य नखासा थाना क्षेत्र के हुसैनी रोड निवासी मुल्ला अफरोज ने की थी। आरोपी को कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के लिए 32 बोर की पिस्टल का इस्तेमाल किया गया था जो पुलिस ने बरामद कर ली है। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि बवाल करने की साजिश में उसका सरगना शारिक साटा शामिल था और उसने ही हथियार मुहैया कराए थे। इसके बाद ही वह और गिरोह के अन्य सदस्य बवाल में शामिल होने पहुंचे और घटना को अंजाम दिया। एएसपी श्रीश्चंद्र ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि वह शारिक साटा गिरोह के लिए काम करता है।

### लग्जरी कारें चोरी कर देश के अलग-अलग राज्यों और नेपाल में भेजा गया

सरगना शारिक साटा के इशारे पर लग्जरी कारें चोरी कर देश के अलग अलग राज्यों और नेपाल भेजा करता है। साथ ही प्रॉपर्टी का भी काम करता है। आरोपी ने बताया कि 24 नवंबर को सरगना ने दूसरे साथी के माध्यम से संदेश भेजा था कि जामा मस्जिद सर्वे के दौरान शहर के नेता भीड़ एकत्र कर रहे हैं। इस भीड़ में शामिल 10-20 आम लोग और पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी जाए। जिससे शहर में कम से कम एक महीने के लिए कर्फ्यू लग जाए और हमारा गिरोह आराम से घटनाएं अंजाम देता रहे। इसलिए ही गिरोह के सदस्यों को हथियार मिले थे और अन्य लोगों को भी



इस घटना को अंजाम देने के लिए शामिल किया था लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े तो भीड़ भागने लगी। इसी दौरान गोली चलाई तो बिलाल और अयान को लगी। एएसपी ने बताया कि आरोपी ने कई अन्य साथियों के नाम की जानकारी दी है। उनकी तलाश भी की जा रही है।

# राहुल गांधी पर पप्पू यादव का बड़ा बयान, PK पर कसा तंज

**पटना।** पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी पांच प्रधानमंत्रियों की गोद में पले हैं और देश की 140 करोड़ जनता की चिंता करते हैं। वे किसान, महिला, बेरोजगार, गरीब सब की बात करते हैं।

पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बिहार की जातीय गणना पर अपने बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एनडीए के सभी दल हमलावर है। इस बीच पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव का



राहुल गांधी पर बड़ा बयान आया है। पप्पू यादव ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की तुलना महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कबीर दास और गुरु नानक से एक साथ कर दी। उन्होंने राहुल गांधी बगैर किसी लालच के राजनीति करते हैं और उन्होंने खुद प्रधानंत्री की कुर्सी को लात मार दिया। एक मीडिया को दिए बयान में पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी पांच प्रधानमंत्रियों की गोद में पले हैं और देश की 140 करोड़ जनता की चिंता करते हैं। वे किसान, महिला, बेरोजगार, गरीब सब की बात करते हैं। उनका व्यक्तित्व महात्मा गांधी, सुभाष चंद्रबोस, गुरु नानक, संत कबीर और भगत सिंह के समान है।

### 'छात्रों की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी'

पप्पू यादव ने कहा कि वे एक माह से प्रयास कर रहे थे कि राहुल गांधी बीपीएससी के सत्याग्रही छात्र छात्राओं से आकर मिलें। वे खुद चलकर पटना आए और आन्दोलन कर रहे छात्रों के पास जाकर मुलाकात की और उनकी बातें सुनी। प्रशांत किशोर का नाम लिए बगैर पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने उन नेताओं को संदेश दिया है जो छात्रों के बहाने अपनी राजनीति चमका रहे हैं। अपने फायदे के लिए छात्रों का इस्तेमाल करते हुए दलाली कर रहे हैं। उन्हें राहुल गांधी से सीख लेना चाहिए। पप्पू यादव ने कहा कि छात्रों की लड़ाई आगे भी लड़ी जाएगी। 31 मार्च के बाद सदन में 193 के तहत बहस कराने का प्रयास किया जाएगा।

# यूपी में फिर बदलने जा रहा मौसम




**लखनऊ।** उत्तर भारत में ठंड जारी है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में पारा बढ़ा है, जिससे काड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन अब भी ठीक-ठाक सर्दी है। अब मौसम विभाग ने यूपी समेत कई राज्यों में मौसम के बदलने और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने रविवार को बताया है कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र यानी कि उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों और मैदानी राज्यों में 22 और 23 जनवरी के बीच बारिश होने वाली है। पश्चिमी यूपी के इलाकों में 22 और 23 जनवरी को बारिश होगी। वहीं, मध्य भारत के राज्यों में अगले दो दिनों के बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। महाराष्ट्र, गोवा आदि में कोई बड़ा बदलाव आने के संकेत नहीं हैं।

वहीं, घने कोहरे की बात करें तो असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में 19-21 जनवरी, उत्तराखंड, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश में 19 और 20 जनवरी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, बिहार, ओडिशा में 19 जनवरी को घना कोहरा छाया रहेगा।

# रेप के आरोपी टीचर को 20 साल की सजा

### जून 2022 का है मामला

एजेंसी । पटना

बिहार के नालंदा में एक ट्यूशन टीचर ने गुरु और शिष्य के संबंध को कलंकित कर दिया। वह अपनी नाबालिग छात्रा के साथ नशा खिलाकर रेप करता था। कोर्ट ने आरोपित शिक्षक को दोषी पाते हुए 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरोप है कि ट्यूशन टीचर ने रेप का वीडियो बना लिया था और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।

जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शनिवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय के एडीजे सात सह विशेष पॉक्सो जज धीरेंद्र कुमार ने आरोपित निजी शिक्षक अमन राज को रेप, धमकी देने केअलावा आईटी एक्ट में क्रमशः सात साल, तीन साल व दो साल की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। कोर्ट ने पीड़िता को तीन लाख रुपए पीड़ित प्रतिकर प्रतिकर योजना से दिलाने का आदेश दिया है। आरोपित अमन हरनौत थाना क्षेत्र का निवासी है।

### आरोपी अपने फुआ के यहां रहकर ट्यूशन पढ़ाता था



विशेष पॉक्सो पीपी सुशील कुमार ने सभी आठ लोगों की गवाही कराई थी। उन्होंने बताया कि आरोपित अपने फुआ के यहां रहकर ट्यूशन पढ़ाता था। दशम वर्ग की छात्रा पीड़िता भी वहां पढ़ने जाती थी। इसी दौरान आरोपित उसे शर्बत में नशा मिलकर पिला दिया। नींद में आने के बाद आरोपित उसके साथ छेड़छाड़ व रेप करता था और विडियो बनाता था। लोक लज्जा के कारण पीड़िता घटना की जानकारी घर वालों को नहीं दी और ट्यूशन जाना छोड़ दी। इसके बाद आरोपित पीड़िता के भाई के मोबाइल पर फोटो शेयर कर शादी करने का दबाव बनाने लगा।

इंकार के बाद आरोपित पीड़िता का अश्लील फोटो फेसबुक पेज पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने 23 जून 2022 को रहुई थाना में जाकर एफआईआर दर्ज करायी। दो साल से ज्यादा की सुनवाई के बाद कोर्ट ने ट्यूशन टीचर को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई।



2 ने किया सरेंडर

# 19 अपराधियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस

**गोरखपुर।** देश में अपराध कर विदेश भाग जाना अब आसान नहीं है। पुलिस ने ऐसे अपराधियों को विदेशों से पकड़कर लाने का इंतजाम कर लिया है। यूपी के गोरखपुर जिले में पुलिस ने विदेश में छिपे अपराधियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कराकर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। वांछित 19 लोगों के खिलाफ गोरखपुर पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी कराया है। इनमें से तीन को पिछले साल तक पकड़ने में कामयाब मिली और दो ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। भारतपोल पोर्टल से अब इन आरोपितों की रियल टाइम जानकारी जुटाने में पुलिस को मदद मिलेगी। एक देश से दूसरे देश में यात्रा के अलावा अगर वे कहीं पकड़े जाते हैं तो उन्हें पुलिस आसानी से ट्रेस कर लेगी।

### विदेश में होने से 19 विवेचनाएं लंबित

गोरखपुर में क्राइम कर विदेश भागने वाले 19 आरोपितों में पासपोर्ट की जालसाजी, दुष्कर्म, डीपी एक्ट से जुड़े केस में आरोपित हैं। इनमें सर्वाधिक 12 आरोपितों की संख्या जिले के साउथ क्षेत्र की थी। फर्जी पासपोर्ट बनवाने के आरोप में पासपोर्ट एक्ट के तहत बड़हलगंज, गोला, गगहा, बेलीपार, खजनी थानों में केस दर्ज हैं।




# बिहार को केंद्र से 2200 करोड़ की सौगात

### पटना में ग्रीनफील्ड कॉरिडोर
### किशनगंज में हाइवे को मंजूरी

**पटना।** पटना में आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे पर एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण के साथ ही किशनगंज जिले में दो नेशनल हाइवे को जोड़ने के लिए स्पर के निर्माण की मंजूरी केंद्र सरकार ने दी है।

बिहार को केंद्र सरकार से 2200 करोड़ रुपये के दो हाइवे प्रोजेक्ट की सौगात मिली है। आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत पटना जिले में रामनगर से कच्ची दरगाह तक एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 1082.85 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। वहीं, किशनगंज जिले में एनएच 27 और एनएच 237 ई को जोड़ने के लिए किशनगंज और बहादुरकंज खंड पर लगभग 25 किलोमीटर लंबा फोरलेन हाइवे का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 1117 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को यह जानकारी दी।

### '6 लेन का एक्सेस कंट्रोलड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाया जाएगा'



गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग 119 डी पर रामनगर से कच्ची दरगाह तक 6 लेन का एक्सेस कंट्रोलड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाया जाएगा। बता दें कि यह सड़क पटना रिंग रोड का हिस्सा भी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आमस दरभंगा परियोजना दो आर्थिक कॉरिडोर राष्ट्रीय राजमार्ग-02 (नया NH-19) और राष्ट्रीय राजमार्ग-57 (नया NH-27) के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इससे बिहार के आंतरिक हिस्सों का पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर-पूर्व राज्यों से कनेक्टिविटी में भी सुधार आएगा। इससे देश के पूर्वी हिस्से में लंबे मार्ग के यातायात और माल ढुलाई की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी। नितिन गडकरी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि किशनगंज जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 और राष्ट्रीय राजमार्ग-327E को जोड़ने के लिए नए फोरलेन हाइवे को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना आर्थिक कॉरिडोर है जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर राष्ट्रीय राजमार्ग-27(नया)/राष्ट्रीय राजमार्ग-31(पुराना) और राष्ट्रीय राजमार्ग-327E के बीच सीधी कनेक्टिविटी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना विभिन्न शहरों से सिलीगुड़ी हवाई अड्डे (बागडोगरा) तक कनेक्टिविटी में भी सुधार करेगी। इससे नोडल बिंदुओं के बीच की दूरी और यात्रा के समय में काफी कमी आने की भी उम्मीद है ताकि यात्रियों के लिए सबसे कुशल कनेक्टिविटी और सबसे नजदीकी मार्ग प्रदान किया जा सकेगा।

# 6 कंपनियों को 1.71 लाख करोड़ रुपए का झटका

एजेंसी । नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के मार्केट कैप (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी (IT) क्षेत्र की कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया।

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत टूटा। शीर्ष 10 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,71,680.42 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।



### इन कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ा

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की बाजार हैसियत बढ़ गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का वैल्युएशन 79,773.34 करोड़ रुपये बढ़कर 17,60,967.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 18,697.08 करोड़ रुपये बढ़कर 6,81,930.22 करोड़ रुपये हो गई। एलआईसी ने सप्ताह के दौरान 9,993.5 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार मूल्यांकन 5,40,724.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।भारती एयरटेल का मार्केट कैप 7,080.98 करोड़ रुपये बढ़कर 9,27,014.97 करोड़ रुपये हो गया।

### इन्फोसिस को सबसे अधिक नुकसान

समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 62,948.4 करोड़ रुपये घटकर 7,53,678.38 करोड़ रुपये रहा गया। सबसे अधिक नुकसान इन्फोसिस को ही हुआ। तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद मुनाफावसूली के बीच शुक्रवार को इन्फोसिस के शेयर में करीब प्रतिशत की गिरावट आई। टीसीएस का मार्केट कैप 50,598.95 करोड़ रुपये घटकर 14,92,714.37 करोड़ रुपये रह गया।

हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 20,605.92 करोड़ रुपये घटकर 5,53,152.52 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,005.84 करोड़ रुपये घटकर 8,65,495.17 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 15,640.8 करोड़ रुपये घटकर 12,51,799.81 करोड़ रुपये रह गई। आईटीसी के मूल्यांकन में 5,880.51 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,50,702.93 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।



# शेयर बाजार के लिए ब्लॉकबस्टर साबित होगा अगला हफ्ता

## 4 आईपीओ और 7 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टिंग

**मुंबई।** अगले हफ्ते 4 आईपीओ प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने के लिए आ रहे हैं. जिनमें से एक आईपीओ मेनबोर्ड होगा. 3 आईपीओ एसएमई के होंगे. साथ ही 7 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टिंग के साथ डेब्यू करने जा रही हैं।

साल 2025 में के पहले महीने का तीसरा हफ्ता शुरू होने को है. बीते दो हफ्तों में कई आईपीओ प्राइमरी मार्केट में आ चुके हैं और कई कंपनियों की लिस्टिंग शेयर बाजार में हो चुकी है. ऐसे में अगले हफ्ते के लिए भी निवेशकों और शेयर बाजार के स्टेज पूरी तरह से सज चुका है. अगले हफ्ते 4 आईपीओ प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने के लिए आ रहे हैं. जिनमें से एक आईपीओ मेनबोर्ड होगा. 3 आईपीओ एसएमई के होंगे. साथ ही 7 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टिंग के साथ डेब्यू करने जा रही हैं. हाल ही में एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि अगले दो सालों में देश में 1000 से ज्यादा आईपीओ आने की संभावना है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर अगले हफ्ते कौन—कौन सी कंपनियां अपना आईपीओ लेकर आ सकती हैं।

### डेंटा वॉटर और इंफ्रा आईपीओ

डेंटा वॉटर और इंफ्रा सॉल्यूशंस का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 22 जनवरी को खुलेगा और 24 जनवरी को बंद होगा. निवेशक एक लॉट में मिनिमम 50 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए प्राइस बैंड 279 रुपये से 294 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश शेयरों का है, जिसमें 75,00,000 इक्विटी शेयरों को रखा गया है. इसमें ओएफएस की कोई जगह नहीं है।

# टी-20 विश्व कप

# गेंदबाजों के दम पर भारतीय अंडर-19 महिला टीम की विंडीज पर रिकॉर्ड जीत

- अपने पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से शिकस्त दी
- कंगारू टीम का रिकॉर्ड तोड़ टूर्नामेंट में गेंद रहते सबसे बड़ी जीत दर्ज की
- 44 रन पर विंडीज को समेटा, 94 गेंद रहते लक्ष्य पाया



एजेंसी । कुआलालंपुर

भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने टी-20 विश्व कप में अपने खिताब के बचाव का रिकॉर्ड जीत के साथ शानदार आगाज किया है। उसने रविवार को यहां वेस्टइंडीज पर नौ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारत ने ग्रुप ए के इस मैच में वेस्टइंडीज की पारी को महज 44 रन पर समेटने के बाद 4.2 ओवर में एक विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### गेंद रहते सबसे बड़ी जीत

भारतीय टीम ने 94 गेंद रहते यह जीत दर्ज की। यह अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में गेंद रहते सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने एक दिन पहले ही स्कॉटलैंड की टीम को 80 गेंद रहते नौ विकेट से शिकस्त दी थी। उसने 6.4 ओवर में 49 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### गेंदबाजों का कहर

बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसौदिया (7/3 विकेट) और आयुषी शुक्ला (6/2 विकेट) के साथ-साथ तेज गेंदबाज वीजे जोशीथा (6/2 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने वेस्टइंडीज की टीम को 13.2 ओवर पर समेट दिया। विंडीज की दो बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े तक पहुंच सकीं।

### अब मलेशिया से सामना

भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमालीनि (13 गेंद में नाबाद 16 रन) और सानिका चालके (11 गेंद में नाबाद 18 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 94 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज को एकमात्र सफलता जहजारा क्लैक्सटन ने त्रिशा जी (चार रन) को आउट कर दिलाई।

## पंत हो सकते हैं लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान



एजेंसी । नई दिल्ली

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान हो सकते हैं। फ्रेंचाइजी जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है। उन्हें लखनऊ में पिछले साल हुई नीलामी में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह आइ्रपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। यह उनकी आईपीएल में दूसरी टीम है। इससे पहले वह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े और 2021 में कप्तान बने थे। दिल्ली ने उन्हें रिलीज कर दिया था। पिछले तीन सत्र में लखनऊ की अगुआई केएल राहुल ने की थी। टीम शुरुआती दो सत्र में प्लेऑफ में पहुंची। हालांकि पिछले सत्र में टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा। टीम सातवें स्थान पर रही। इसके बाद टीम ने राहुल को रिलीज कर दिया था। उन्हें दिल्ली ने 14 करोड़ में खरीदा है। लखनऊ ने पांच खिलाड़ियों निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बडोनी और मोहसिन खान को रिटेन रखा था। दिसंबर 2022 में कार हादसे का शिकार होने चले पंत 2023 में लीग में नहीं खेले थे। उन्होंने पिछले साल वापसी की थी।

## चैंपियंस ट्रॉफी में सूर्यकुमार की कमी खलेगी : रैना

एजेंसी । नई दिल्ली



पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की कमी खलेगी। वह टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते थे। सूर्यकुमार और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को टीम में नहीं चुना गया है। रैना ने कहा, सूर्यकुमार विश्व कप टीम का अभिन्न अंग थे। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो मैदान के किसी भी स्थान पर शॉट मार सकता है। वह खेल के किसी भी चरण में नौ रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकता है। वह अपने विशेष खेल से प्रतिद्वंदी टीम पर हावी होने की क्षमता रखता है। अगर सूर्यकुमार टीम में होता तो वह एक्स फैक्टर होता। टीम को उसकी कमी खलेगी। अब जिम्मेदारी चोटी के तीन बल्लेबाजों पर होगी जो कि अभी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। सूर्यकुमार एक ऐसा बल्लेबाज है जो किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है।

## छह मैच प्वाइंट बचा प्रोजोरोवा ने खिताब जीता

एजेंसी । नई दिल्ली

रूस की तातियाना प्रोजोरोवा ने आईटीएफ डब्ल्यू50 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। उन्होंने रविवार को यहां दूसरी वरीय हंगरी की पेना उडवर्डी के खिलाफ महिला एकल फाइनल छह मैच प्वाइंट बचाने का बाद वापसी करके जीत दर्ज की। सातवीं वरीय प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में तीन मैच प्वाइंट बचाने के बाद टाईब्रेकर में भी तीन मैच प्वाइंट बचाए और तीन घंटे चले मुकबले में 4-6, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। यह चार महीने में प्रोजोरोवा का पहला एकल खिताब था। उन्होंने अपना पिछला खिताब सितंबर 2024 में जीता था। उन्होंने इंचियोन में आईटीएफ डब्ल्यू100 प्रतियोगिता में जीत हासिल की थी। 2022 में शीर्ष 100 में शामिल उडवर्डी जून 2024 के बाद पहला फाइनल खेल रही थीं।

# जोकोविच की क्वार्टर फाइनल में अल्काराज से टक्कर

**ऑस्ट्रेलियन ओपन**



- नोवाक ने चौथे दौर में जिरी को हराकर फेडरर का रिकॉर्ड बराबर किया
- ज्वेरेव और टॉमी ने भी अगले दौर में जगह बनाई

एजेंसी । मेलबर्न

नोवाक जोकोविच ने रविवार को 15वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाकर रोजर फेडरर का रिकॉर्ड बराबर किया। 37 वर्षीय जोकोविच को अंतिम चार में युवा कार्लोस अल्काराज की चुनौती से पार पाना होगा। जोकोविच की निगाह रिकॉर्ड 25वें मेजर खिताब पर है तो 21 वर्षीय अल्काराज की सबसे कम उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम (चारों ग्रैंड स्लैम) पूरा करने वाले खिलाड़ी बनने पर है। पर यह तय है कि मंगलवार को जब यह दोनों मेलबर्न में पहली बार टकराएंगे तो एक का सपना अधूरा रह जाएगा। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों में एक का सफर थम जाएगा। दस बार के चैंपियन जोकोविच ने एक फिर शानदार खेल दिखाया और चेक गणराज्य के अपने प्रतिद्वंद्वी जिरी को दो घंटे 39 मिनट में 6-3, 6-4, 7-6 से पराजित किया। उन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में दो सेट गंवाए हैं। वहीं, दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ब्रिटेन के जैक ड्रपर के मैच के बीच से हटने से आगे बढ़े। जैक ने जब कूल्हे में समस्या के चलते कोर्ट छोड़ा तक अल्काराज 7-5, 6-1 से आगे चल रहे थे। अल्काराज ने 10वीं बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर ओपन युग में 21 या उससे अधिक उम्र में सबसे ज्यादा बार किसी मेजर के अंतिम-8 में पहुंचने के दिग्गज बोरिस बेकर, मैट्स विलेंडर और ब्योर्न बोर्ग के रिकॉर्ड की बराबरी की। अल्काराज की निगाह मेलबर्न में चैंपियन बनकर सबसे कम उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला खिलाड़ी बनने पर है। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने उगो हम्बर्ट को 6-1, 2-6, 6-3, 6-2 से चौथी बार यहां अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना टॉमी पॉल से होगा जिन्होंने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-1, 6-1 से हराया।

### सबालेंका की मेलबर्न में लगातार 18वीं जीत

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मेलबर्न में लगातार 18वीं जीत के साथ खिताबी हैट्रिक की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। बेलारूस की अजारेंका ने रॉड लेवर एरिना में 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा अंद्रीवा को 6-1,6-2 से हराया। वह पिछले पांच साल में दस बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। अगर वह शनिवार को ट्रॉफी जीतने में सफल रहती हैं तो मार्टिना हिंगिस (1997 से 1999) के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी होंगी। मैच के बाद सबालेंका ने अंद्रीवा को गले लगाया, भीड़ की ओर हाथ हिलाया और अपने पोलेरॉइड कैमरे से एक तस्वीर ली।

### 16 सेट बाद कोको ने गंवाया सेट

अमेरिकी की टेनिस सनसनी कोको गॉफ का लगातार 16 सेट में जीत दर्ज करने का सिलसिला टूट गया पर वह अंतिम आठ में पहुंच गईं। कोको ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच को 5-7, 6-2, 6-1 से हराया। अब उनका सामना पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने ओल्गा डेनिलोविच को 6-1, 7-6 से हराया। अनास्तासिया पाव्ल्युचेंकोवा ने डोना वेकिस को 7-6, 6-0 से मात दी।

### नंबर गेम

- 64वीं जीत है यह अल्काराज की 75 ग्रैंड स्लैम मुकाबलों में। ओपन युग में इतने ही मैचों में उनके ज्यादा जीत जॉन मैकेनरो (65) ने दर्ज की है
- 2 बार चारों ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में जगह बनाने वाले ओपन युग में सबसे युवा खिलाड़ी हैं कार्लोस

### बोपन्ना-शुआई अंतिम-आठ में

अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को कोर्ट पर उतरे बिना ही अंतिम-8 में प्रवेश कर लिया। बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था। यह चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी। इससे भारतीय-चीनी जोड़ी कोर्ट को वॉकओवर मिल गया। बोपन्ना साल के पहले ग्रैंड स्लैम में एकमात्र भारतीय चुनौती बचे हैं। वह युगल के पहले ही दौर में हार गए थे।

## गुकेश ने अनीश गिरी को हराकर शानदार शुरुआत की



- हार की स्थिति से वापसी कर गुकेश ने बाजी पलट जीत दर्ज की
- हरिकृष्णा ने सफेद मोहरों से हमवतन अर्जुन एरिगैसी को मात दी

एजेंसी । विज्क आन जी

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मुश्किल परिस्थितियों से उबर कर नीदरलैंड्स के अनीश गिरी को पराजित करके टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। गुकेश ने शुक्रवार को खेल रत्न प्राप्त करने के बाद एम्स्टर्डम की उड़ान पकड़ी थी तथा पहले दौर के मैच से कुछ देर पहले ही यहां पहुंचे थे।

### वापसी कर बाजी पलटी




इस युवा खिलाड़ी पर शुरू में थकान का असर दिखा। एक समय वह हार की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन इसके बाद बाजी पलटने में सफल रहे। ओपन वर्ग में पहले दौर में तीन बाजियों का ही परिणाम निकला। भारत के हरिकृष्णा ने सफेद मोहरों का भरपूर उपयोग करते हुए हमवतन और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को हराया। लियोन ल्यूक मेंडोंका ने कई गलतियां कीं जिससे उनके हाथ से लगभग जीती बाजी निकल गई। इससे जर्मनी के विंसेंट कीमर को विजयी शुरुआत मिली जबकि आर प्रज्ञाननंदा ने नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ अपना मुकाबला ड्रॉ खेला।

### अन्य बाजियां बराबर

पहले दौर की अन्य बाजियां भी बराबरी पर छूटीं। चीन के गत चैंपियन वेई यी ने अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना के साथ, नीदरलैंड्स के मैक्स वार्मरडैम ने सर्बिया के एलेक्सी साराना के साथ और एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ अंक बांटे। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली ने विश्व के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय मास्टर अर्जेंटीना के ओरो फॉस्टिनो को हराकर विजयी शुरुआत की, लेकिन दिव्या देशमुख अपने से ऊंची रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की नोदिरबेक याकुबोएव से हार गईं।

## दिल्ली के खिलाफ मैच खेलेंगे सौराष्ट्र के जडेजा

एजेंसी । नई दिल्ली



भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविवार को राजकोट में सौराष्ट्र की टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। उनका दिल्ली के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलना तय है। जडेजा आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए जनवरी 2023 में खेले थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद खिलाड़ी के फिट होने पर घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह ने बताया, जडेजा आज अभ्यास करने के लिए आए हैं।

## साजिद, अबरार के कहर से पाक ने विंडीज को हराया

- 127 रन से तीसरे दिन ही मुकाबला जीत लिया मेजबान टीम ने
- 09 विकेट लेने वाले साजिद खान 'प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए



एजेंसी । नई दिल्ली

मुल्तान। कप्तान शान मसूद (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद साजिद खान (पांच विकेट) और अबरार अहमद (चार) की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही वेस्टइंडीज को 127 रन से हरा दिया। मैच में कुल नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मेजबान टीम ने रविवार को विंडीज को दूसरी पारी में 123 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला से जीत लिया। 251 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहमान टीम ज्यादा देर गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाई और पूरी टीम 36.3 ओवर में सिमट गई। वेस्टइंडीज के ऐलेक ऐथनेज ने सर्वाधिक (55) रनों की पारी खेली।

### जोमेल की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

इससे पहले वेस्टइंडीज ने जोमेल वारिकन के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (32 रन, सात विकेट) के दम पर पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 के स्कोर पर समेट दिया। पाक ने पहली पारी में 230 जबकि वेस्टइंडीज ने 137 रन बनाए थे। पाकिस्तान ने सुबह दूसरी पारी में तीन विकेट 109 रन के खेलना शुरू किया। लेकिन बाकी बल्लेबाज 48 रन के अंदर पवेलियन लौट गए। कामरान गुलाम (27) के अलावा बल्लेबाज देर तक टिक नहीं सका।

## 'मार्को' की ब्लॉकबस्टर सफलता पर झूमे निर्माता

**उन्नी मुकुंदन की फिल्म की सीक्वल पर लगाई मुहर**



उन्नी मुकुंदन अभिनीत मलयालम फिल्म 'मार्को' 20 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हनीफ अदेनी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2024 की हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई है। अब फैंस के लिए खुशखबरी है। फिल्म के सीक्वल पर मुहर लग चुकी है। दरअसल, यह पुष्टि हो गई है कि फिल्म के सीक्वल पर काम चल रहा है।

### फिल्म के सीक्वल का एलान

प्रोडक्शन हाउस क्यूब्स एंटरटेनमेंट ने पहले एक पोस्ट साझा की थी, जिसमें मार्को के मुख्य अभिनेता उन्नी मुकुंदन निर्माता के साथ मुस्कुरा रहे थे। तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा था, 'ब्रो-कोड, क्या आप मार्को 2 के लिए तैयार हैं?' फिल्म के पहले भाग ने सिनेमाघरों में खूब धमाल मचाया। यहां तक कि यह बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' पर भी भारी पड़ गई। दरअसल, मल्टीप्लेक्स में 'बेबी जॉन' के साथ 'मार्को' के हिंदी संस्करण की स्क्रीनिंग को रिप्लेस कर दिया गया था। दर्शकों ने भी बेबी जॉन की स्क्रीनिंग की जगह मार्को फिल्म देखने की मांग की। वहीं, इसने 100 करोड़ रुपये की कमाई का भी आंकड़ा पार कर लिया। अब इसके सीक्वल के एलान पर सभी फैंस उत्साहित हैं।

## यामी गौतम और प्रतीक गांधी की 'धूम धाम'



यामी गौतम उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे के बाद बॉलीवुड में कदम रखा और फिल्मी दुनिया में भी अपनी एक खास पहचान बनाई। पिछली बार उन्हें फिल्म 'आर्टिकल 370' में देखा गया था। न सिर्फ यह फिल्म, बल्कि इसमें उनकी अदाकारी की भी जमकर तारीफ हुई थी। अब यामी अपनी अगली फिल्म 'धूम धाम' से भी धूम मचाने वाली हैं। फिल्म से उनकी पहली झलक सामने आई है।

### गुजारती लड़के से होगा यामी का रिशता

'धूम धाम' का पोस्टर शानदार है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट में शादी के विज्ञापन के जरिए फिल्म के मुख्य कलाकारों यामी और प्रतीक गांधी की पहली झलक दिखाई गई है। एक लड़की कोयल चड्ढा (यामी) को लड़के की तलाश है, वहीं एक गुजराती लड़के डॉ वीर (प्रतीक) को दुल्हन की तलाश है। दोनों ने अपनी-अपनी मांगों का बाकायदा विज्ञापन में जिक्र किया है। यामी फिल्म में संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू लड़की के रूप में दिखाई देंगी।

## ऋतिक रोशन को रियाद में मिला जॉय अवार्ड



ऋतिक रोशन ने दशकों के अपने करियर में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अपने अभिनय, शानदार लुक और बेहतरीन डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर इस अभिनेता ने बॉलीवुड में 25 साल पूरे करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। सिनेमा में उनके योगदान के लिए हाल ही में रियाद में जॉय अवॉर्ड्स में उन्हें सम्मानित किया गया।

अवॉर्ड स्वीकार करते हुए ऋतिक ने कहा, 'धन्यवाद। धन्यवाद, रियाद। धन्यवाद, जॉय अवाड्र्स। मुझे यहां इंवाइट करने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को मेरा धन्यवाद। महामहिम, आप एक दूरदर्शी व्यक्ति हैं और हम सभी के लिए इस शानदार शाम को बनाने के लिए आपका धन्यवाद। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं प्रोत्साहित हूं। मेरा मतलब है, देखिए मैं किसके साथ हूं।'

आगे ऋतिक ने कहा, 'यहां महान दिग्गजों के बीच मुझे यह अवॉर्ड मिला है। 25 साल हो गए हैं। यह एक लंबा समय लगता है, लेकिन मुझे यह समझने में 25 साल लग गए कि अभिनय वास्तव में क्या है। अब मैं एक अभिनेता के रूप में अपनी उड़ान भरने के लिए तैयार महसूस कर रहा हूं। इसलिए मैं इसे अपने दिल में मौजूद उम्मीद और अगले 25 सालों के वादे के प्रतीक के रूप में लेता हूं। उम्मीद है कि अगर मैं वापस आता हूं, तो मैं इस तरह के सम्मानों के लिए थोड़ा और योग्य महसूस करूंगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बांग्लादेश में क्रिकेटर शाकिब के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश के क्रिकेटर और अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब अल हसन के खिलाफ दो चेक बाउंस होने के मामले में अदालत ने रविवार को गिरफ्तारी का वारंट जारी किया। पिछले साल प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा था, जिसके बाद से शाकिब अपनी जान को खतरा होने के डर से बांग्लादेश नहीं लौटे हैं।

### जम्मू के राजौरी में रहस्यमयी बीमारी से 17वीं मौत

**जम्मू।** जम्मू के राजौरी में रहस्यमयी बीमारी से मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 17 हो गई। बीमारी से बदहाल (गांव का नाम) के मोहम्मद असलम के छठे और आखिरी बच्चे की जम्मू मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद असलम ने पिछले रविवार (12 जनवरी) को बेटी यासमीना जान को राजौरी के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। अगले दिन उसे जम्मू रेफर कर दिया गया, जहां आज शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस रहस्यमयी बीमारी के चलते असलम के सभी छह बच्चों की मौत हो चुकी है। पिछले एक सप्ताह में उनके चार बेटियों, दो बेटों के अलावा मामा-मामी की भी मौत हो चुकी है। जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने गांव में हुई मौतों की वजह के पीछे रहस्यमय बीमारी होने की संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

### आईआईटी मद्रास के निदेशक ने बताए गोमूत्र के औषधीय गुण

**चेन्नई।** आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने गोमूत्र को स्वास्थ्य के लिए अच्छा बताया है। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में वह एक कार्यक्रम में गोमूत्र के औषधीय गुण बता रहे हैं। इसका कांग्रेस नेता कार्ति पी चिदंबरम ने विरोध किया। वीडियो में आईआईटी मद्रास के निदेशक कह रहे हैं कि गोमूत्र में जीवाणु रोधक (एंटी बैक्टीरियल), कवकरोधी (एंटी फंगल) और पाचन तंत्र को व्यवस्थित रखने के गुण हैं। गोमूत्र पाचन संबंधी बीमारी ( इरिटेबल बाउल सिंड्रोम) जैसी स्थितियों में काफी उपयोगी रहता है। इसमें तमाम औषधीय गुण मौजूद हैं।

### गोवा में पैराग्लाइडिंग के दौरान 2 लोगों की मौत

**पणजी।** नॉर्थ गोवा में पैराग्लाइडिंग के दौरान 1 महिला और उसके इंस्ट्रक्टर की शनिवार मौत हो गई। पुलिस रविवार को बताया कि महिला पुणे की रहने वाली थी। उनकी उम्र 27 साल थी। उनका नाम शिवानी दाबले था। वहीं, इन्सट्रक्टर नेपाल का रहने वाला था। उसका नाम सुमल नेपाली है। उसकी उम्र 26 साल है। दोनों की मौत पैराग्लाइडिंग के दौरान खाई में गिरने से हुई। पुलिस ने बताया कि दाबले ने जिस एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी को पैराग्लाइडिंग के लिए चुना, वह अवैध रूप से संचालित हो रही थी। कंपनी के मालिक शेखर रायजादा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राहुल गांधी के खिलाफ असम में गैर जमानती एफआईआर

**एजेंसी । गुवाहाटी**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में शनिवार को FIR दर्ज की गई है। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। BNS की धारा 152 के तहत दर्ज FIR गैर जमानती है। यानी अगर राहुल की गिरफ्तारी होती है तो उन्हें जमानत के लिए सीधे कोर्ट जाना पड़ेगा। FIR गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील मोनजीत चेतिया ने दर्ज कराई है। चेतिया ने कहा कि, 'राहुल के बयान से देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। विपक्ष के नेता का सार्वजनिक मंच से दिया गया बयान साधारण राजनीतिक टिप्पणी नहीं है।'



### शिकायतकर्ता का दावा- राहुल का बयान चुनावी हताशा

मोनजीत चेतिया ने कहा कि राहुल गांधी की यह टिप्पणी बार-बार चुनावों में मिल रही हार की हताशा से प्रेरित थी। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल पर लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन वे झूठ फैलाने और विद्रोह भड़काने का काम कर रहे हैं। चेतिया ने कहा- लोकतांत्रिक तरीकों से जनता का विश्वास हासिल करने में नाकामयाब होने के बाद वे अब केंद्र सरकार और भारतीय राज्य के खिलाफ असंतोष भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

### 3 दिन पहले कहा था- कांग्रेस भाजपा- RSS और इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ रही है

दरअसल, 13 जनवरी को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (RSS) प्रमुख रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार देने के लिए इंदौर में थे। समारोह में भागवत ने कहा था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को प्रतिष्ठा द्वादशी के तौर पर मनाया जाना चाहिए। इसे ही भारत का 'सच्चा स्वतंत्रता' दिवस मानना चाहिए। 15 जनवरी को नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन में राहुल ने भागवत के बयान पर कहा- भाजपा, RSS ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम BJP-RSS और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं।

# अहमदाबाद में आयुष्मान घोटाला: रिमांड पर आरोपी

### 2 मरीजों की जबरन एंजियोप्लास्टी कराई थी, बाद में मौत हुई



**एजेंसी । अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद में PMJAY योजना में घोटाले के आरोपी कार्तिक पटेल को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। कार्तिक के अस्पताल में 2 मरीजों की PMJAY योजना के तहत जबरन एंजियोप्लास्टी की गई थी, इसके बाद मरीजों की मौत हो गई। घटना के बाद कार्तिक त्यागी फरार हो गया। पुलिस ने उसे शनिवार रात अहमदाबाद एयरपोर्ट से दुबई से लौटने पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने कोर्ट में कहा कि कार्तिक और उसकी टीम ने मरीजों की जांच रिपोर्ट में 30 से 80 प्रतिशत ब्लॉकेज दिखाए। ताकि PMJAY का लाभ उठाया जा सके। 956 दिनों में योजना के तहत 3500 से ज्यादा क्लेम किए गए।

**पुलिस ने कोर्ट में रखे 7 पॉइंट**

- फर्जी ऑपरेशन और क्लेम के मामले में कार्तिक पटेल ही मुख्य साजिशकर्ता।
- उसके अस्पताल में आरोपियों की क्लेम में हिस्सेदारी। लेनदेन की जांच चल रही है।
- अहमदाबाद और आसपास के डॉक्टरों को पैसे दिए जाते थे, वे मरीजों को कार्तिक के अस्पताल में रेफर करते थे।
- जांच की जा रही है कि PMJAY योजना के अधिकारी शामिल थे, क्या कार्तिक उन्हें गिफ्ट या घूस देता था।
- जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं थे, उनके आयुष्मान कार्ड फर्जी तरीके से बने। कौन शामिल था, जांच चल रही।
- आयुष्मान योजना में मिले 16 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम कहां गई, इसका इन्वेस्टिगेशन किया जा रहा है।
- आरोपी की विदेश में रहने की व्यवस्था किसने की थी, यह जांच की जा रही है।

### काकचिंग में प्रतिबंधित संगठन का एक सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी । काकचिंग**



मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उग्रवादी को शनिवार को काकचिंग के हियांगलम लाई पंगाम्बा इलाके से गिरफ्तार किया गया था। सुरक्षा बलों ने एक सिंगल-बोर बैरल (स्नाइपर), एक देशी राइफल, एक कार्बाइन मैगजीन, तीन .303 मैगजीन, एक हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया।

### कांगपोकपी में अवैध पोस्ता की खेती को किया गया नष्ट

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में पुलिस और सीआरपीएफ की टीमों ने 25 एकड़ की अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ड्रग्स के खिलाफ युद्ध पहल के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, कांगपोकपी जिला पुलिस और 133 बीएन सीआरपीएफ की दो प्लाटून की एक संयुक्त टीम ने कांगपोकपी के वाई लैंगखोंग गांव में एक विशेष अभियान के दौरान 25 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया।

# किसानों से बातचीत के लिए मानी केंद्र सरकार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) और अन्य कई मांगों को लेकर किसानों का लगातार धरना प्रदर्शन जारी है। इस बीच पंजाब के किसान नेताओं ने 14 फरवरी को चंडीगढ़ में अपनी मांगों पर चर्चा के लिए बैठक आयोजित करने के लिए केंद्र द्वारा दिए गए निमंत्रण पर कहा कि यह उनके लिए कोई बड़ी जीत नहीं है, लेकिन वो बंद दरवाजा खुलवाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि पिछले अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने आखिर तक चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया था, लेकिन जब किसान नेता उनसे अनुरोध करते रहे, तो उन्होंने उनसे कहा जो आपको ठीक लगे, वही करें। किसान नेताओं का कहना है कि पूरी स्थिति को देखते हुए उन्होंने फैसला किया है कि डल्लेवाल के लिए चिकित्सा सहायता शुरू की जानी चाहिए।



### 14 फरवरी को बातचीत फिर से शुरू

किसान नेता काका सिंह कोटड़ा का कहना है कि हम यह कह सकते हैं कि हमने एक कदम आगे बढ़ाया है। हम (केंद्र से) बैठक करवाने में सफल रहे और हम बातचीत के लिए बंद दरवाजा खुलवाने में सफल रहे। बीते शनिवार को कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने खनौरी बॉर्डर पर अनशन पर बैठे डल्लेवाल और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के साथ ही किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें 14 फरवरी को बातचीत फिर से शुरू करने के लिए आमंत्रित किया।

### चिकित्सा सहायता लेने पर डल्लेवाल सहमत

प्रस्तावित बैठक की घोषणा के बाद डल्लेवाल ने चिकित्सा सहायता लेने पर सहमति जताई। पिछले साल 26 नवंबर को आमरण अनशन पर बैठने के बाद से वह किसी भी तरह की सहायता लेने से इनकार कर रहे थे। बैठक के बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने तस्वीरें जारी कीं, जिनमें डल्लेवाल को नसों में ड्रिप के जरिए चिकित्सा सहायता लेते हुए दिखाया गया। पत्रकारों से बात करते हुए किसान नेताओं ने रविवार 19 जनवरी को कहा कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से मांग की थी कि बैठक पहले होनी चाहिए, क्योंकि 14 फरवरी बहुत दूर है।

## भारत, इटली ने आतंकवाद विरोधी सहयोग बढ़ाने का किया फैसला

### द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर हुआ गहन मंथन



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और इटली ने आतंकवाद से निपटने में अपने सहयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया है, जिसमें आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रौद्योगिकी के 'दुरुपयोग' का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना भी शामिल है।विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को एक बयान में कहा कि 16 और 17 जनवरी को रोम में आतंकवाद और संगठित अपराध पर भारत-इटली संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक में आतंकवाद से निपटने में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

### घरेलू, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी खतरों पर चर्चा

इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों ने उभरते घरेलू, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी खतरों पर चर्चा की और आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ सहयोग के कई क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में आगे कहा गया है कि आतंकवादी उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों ने इस खतरे को रोकने और कम करने के अनुभव साझा किए।

## ऑनलाइन नॉमिनी जोड़ने के लिए ई-आधार और ओटीपी से सत्यापन होगा

### म्यूचुअल फंड और डीमैट खातों के लिए नए नियम मार्च से लागू होंगे

**एजेंसी । नई दिल्ली**



म्यूचुअल फंड और डीमैट खातों में नॉमिनी जोड़ने की प्रक्रिया में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इसके तहत अब निवेशक अपने खाते में 10 नॉमिनी जोड़ सकेंगे और प्रत्येक नामांकन का सत्यापन मोबाइल ओटीपी के जरिए करना होगा। सेबी ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं, जो एक मार्च 2025 से लागू होंगे। सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों और डिपॉजिटरी जैसे विनियमित संस्थाओं को निर्देश दिया है कि वे निवेशकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से नामांकन फॉर्म जमा करने का विकल्प दें। इसी के साथ निवेशक को हर नामांकन जमा करने पर एक रसीद मिलेगी, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरकरार रहेगी। एकल म्यूचुअल फंड और डीमैट खाताधारकों के लिए नामांकन अनिवार्य होगा, लेकिन संयुक्त खातों में इसे वैकल्पिक रखा गया है। साथ ही निवेशक कभी भी नॉमिनी बदल सकते हैं। इसके अलावा, विनियमित संस्थाओं को खाते या फोलियो के हस्तांतरण के बाद आठ सालों तक नॉमिनी और रसीद का रिकॉर्ड बनाए रखना होगा।

सेबी के निर्देशों के अनुसार, म्यूचुअल फंड और डीमैट खाते में नॉमिनी जोड़ते वक्त निवेशक को तीन विकल्प मिलेंगे। पहले विकल्प के तौर पर आधार आधारित ई-साइन या किसी अन्य ई-साइन सुविधा का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा दोहरा प्रमाणीकरण होगा, जिसमें निवेशक के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल पते पर ओटीपी भेजा जाएगा।

# जम्मू-श्रीनगर रेलवे लाइन का ट्रायल रन पूरा

**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (USBRL) प्रोजेक्ट के हिस्से कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन रविवार को पूरा हो गया। 18 कोच की ट्रायल ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की ओर रवाना हुई। ट्रायल की देखरेख कर रहे रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह USBRL का आखिरी टेस्ट रन है।

### चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल



### 272 km लाइन पर 111 km की सुरंगें

41 हजार करोड़ रुपए की लागत से बने USBRL प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 272 किमी है। इसमें 111 किमी. का रास्ता सुरंग के भीतर है। 12.77 किमी. लंबी टी-49 सुरंग इस प्रोजेक्ट में सबसे लंबी है। रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। पुल की लंबाई 1315 मीटर, जबकि नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। इसे बनाने में करीब 20 साल का वक्त लगा, जबकि 1486 करोड़ रुपए की लागत आई है।

### भारतीय रेलवे का पहला केबल पुल भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा

भारतीय रेलवे ने इस प्रोजेक्ट के जरिए एक और उपलब्धि हासिल की है। अंजी खड्ड पर बनाया गया पुल भारतीय रेलवे का पहला केबल-स्टेड पुल है। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला इमारत के बराबर ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले को कटरा से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किलोमीटर है। इस पुल की कुल लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है।

# गृह मंत्रालय के अधिकारी ने रद्द किया आंध्र प्रदेश का दौरा

**एजेंसी । हैदराबाद**

आंध्र प्रदेश में तिरुपति मंदिर में भीड़ कंट्रोल करने के उपायों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी का प्रस्तावित दौरा अचानक रद्द कर दिया गया है। दौरा रद्द करने के पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया गया है। गृह मंत्रालय ने अधिकारी के दौरे को रद्द करने की जानकारी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को भी दे दी है। गृह मंत्रालय की ओर से भेजे नए पत्र में कहा गया है कि अतिरिक्त सचिव (आपदा प्रबंधन) संजीव कुमार जिंदल के दौरे से संबंधित पहले के पत्र को वापस लिया गया माना जाए। मतलब मंत्रालय की ओर से दौरे को लेकर जो पत्र भेजा गया था एक तरह से उसे वापस ले लिया गया है। गृह मंत्रालय ने हाल ही में हुई भगदड़ में 6 लोगों की मौत के बाद टीटीडी को लिखे पत्र में कहा कि सीनियर अधिकारी 20 जनवरी को भीड़ नियंत्रण उपायों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।



### भगदड़ में 6 लोगों की हुई थी मौत

दरअसल, तिरुपति बालाजी मंदिर में 9 जनवरी 2025 को भगदड़ मच गई थी। इस घटना में 6 लोगों की मौत हुई ती जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। यह हादसा वैकुंठ द्वार के सामने टिकट लेने के लिए लगी भीड़ में हुआ था। शुरुआती तौर पर इस हादसे के लिए भीड़ के उचित व्यवस्था नहीं होना माना गया था। भीड़ में आगे निकलने की होड़ मच गई जिसके बाद भगदड़ मच गई और 6 लोगों की जान चली गई।

# श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ पहुंची मौनी रॉय

**एजेंसी । बिजाना**

बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने परिवार सहित शनिवार को मध्यप्रदेश के बिजाना में स्थित बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ जाकर पंडित कैलाश शर्मा के निर्देशन में मां बगलामुखी का आशीर्वाद लिया और हवन पूजा की।





### पंडित कैलाश शर्मा पर मां का है स्नेह

तारा महाशक्ति पीठ के पीठाधीश्वर पंडित कैलाशचंद्र पर मां बगलामुखी का स्नेह है। कई राज्य के मुख्यमंत्री, राजनीतिज्ञ, दुनियाभर से व्यापारी व फिल्मी सितारे मां बगलामुखी के आर्शिवाद के लिए तारा महाशक्तिपीठ आते हैं। पंडित कैलाश शर्मा दिन-रात मां के पूजन-हवन ध्यान में मग्न रहते हैं।

### महाकाल के दर्शन को भी पहुंची मौनी

मौनी राय ने महाकालेश्वर उज्जैन जाकर भस्मारती दर्शन लाभ लिया। उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल तथा उनके सुपुत्र कार्तिक टटवाल ने मौनी रॉय को कालभैरव, गड़कालिका शक्तिपीठ, हरसिद्धि मंदिर का दर्शन कराया। इस दौरान बगलामुखी तारा पीठ के प्रबंधक शैलेंद्र पटेल, पंडित त्रिलोक शर्मा व पंडित सुमित शर्मा भी उपस्थित रहे ।

### यहां होती है मनोकामनाएं पूरी

बगलामुखी तारा महाशक्तिपीठ पर फिल्मी सितारों और नेताओं का आना-जाना लगा रहता है। कहा जाता है कि मां पार्वती ने इस पर्वत पर निवास किया था। मां पार्वती के साथ विवाह के बाद भगवान शिव भी इस स्थान पर कुछ समय व्यतीत किए थे। बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ का वर्णन पुराणों में मिलता है। मां के इस स्थान पर आकर हवन पूजन करने से सभी तरह के कष्ट दूर होते हैं।